फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 29, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 24 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

भारत को वैश्विक हरित ऊर्जा बाजार में स्थापित करेगा यह बजट : मोदी

'बजट में हर चुनौतियों का समाधान'

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक अंश धारक को भारत में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि अमृत काल का बजट भारत को वैश्विक हरित ऊर्जा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को हरित विकास पर बजट के बाद के पहले वेबिनार को संबोधित करते हुए अपने विचार साझा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2014 के बाद के बजटों ने न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान किया है, बल्कि नए युग के सुधारों को भी आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, वर्ष 2014 के बाद से भारत में जितने भी आम बजट आए हैं, उनमें एक पैटर्न रहा है। पैटर्न यह है कि हमारी सरकार का हर बजट वर्तमान चुनौतियों के समाधान के साथ-साथ नए युग के सुधार को आगे बढ़ाता रहा है। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में भी इंडस्ट्री के लिए 'ग्रीन क्रेडिट' है, तो किसानों के लिए पीएम-प्रणाम योजना भी है। इसमें गांवों के लिए गोवर्धन योजना है, तो शहरी क्षेत्रों के लिए वाहन स्क्रैपिंग नीति भी है। इसमें ग्रीन हाईड्रोजन पर बल है, तो आर्द्रभूमि संरक्षण पर भी फोकस है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह बजट भारत को वैश्विक हरित ऊर्जा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के तौर पर स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। मैं आज एनर्जी वर्ल्ड से जुड़े हर स्टॉक धारक को भारत में निवेश के लिए आमंत्रित करता हूं। ग्रीन ग्रोथ को लेकर इस साल के बजट में जो प्रावधान किए गए हैं, वो एक तरह से हमारी भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का शिलान्यास है। उन्होंने कहा कि हरित विकास और ऊर्जा परिवर्तन के लिए भारत ने तीन स्तंभ स्थापित किए हैं, जिनमें नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन बढ़ाना, जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करना और गैस आधारित अर्थव्यवस्था की तरफ लेकर जाना शामिल है।

मोदी ने कहा कि भारत हरित ऊर्जा से जुड़ी टेक्नोलॉजी को लेकर दुनिया में लीड ले सकता है। यह भारत में ग्रीन जॉब को बढ़ाने के साथ ही ग्लोबल गुड में भी बहुत मदद करेगा। भारत नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन में जितना कमांडिंग पोजिशन में होगा, उतना ही बड़ा बदलाव वह विश्व में ला सकता है।

'भारत को बैटरी भंडारण क्षमता को बढ़ाकर 125

'भारत को बैटरी भंडारण क्षमता को बढ़ाकर 125 गीगावाट घंटा करना होगा' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को बैटरी भंडारण क्षमता को बढ़ाकर 125 गीगावाट घंटा करना होगा। भारत हर साल 5 मिलियन टन हरित हाइड्रोजन के उत्पादन का लक्ष्य रखता है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के लिए 19,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन प्रदान किया गया। गैर-जीवाश्म ईंधन से 40 प्रतिशत बिजली क्षमता, पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण लक्ष्य तिथि से पहले हासिल किया गया।प्रधानमंत्री ने कहा कि वाहन स्क्रैपिंग को प्रोत्साहित करने के लिए बजट में 3,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। 15 साल से पुराने लगभग 3 लाख सरकारी वाहनों को कबाड़ में डाला जाएगा।

मड़ौली कांड के दोषियों पर सरकार करें कार्यवाही: राकेश

कानपुर देहात: जनपद के रुरा अंतर्गत मड़ौली गांव में हुए अग्निकांड में मां-बेटी की हृदयविदारक मौत मामले में किसान नेता राकेश टिकैत पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल पहुंचकर जानकारी की और पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने की बात कही। किसान नेता राकेश टिकैत गुरुवार को रूरा थानाक्षेत्र के मड़ौली गांव पहुंचे। यहां पर उन्होंने बीते दिनों प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में मां-बेटी के झोपड़ी में जलकर मौत के मंजर के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। घटना को लेकर पीड़ितों से उनका दर्द जाना और सरकार की नीतियों को घटना का दोषी बताया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि गांव की सभी जमीन लगभग कब्जे की होती हैं और यह परिवार कई दशकों से यहां रह रहा था तो कोई जुर्म नहीं किया था।

महागठबंधन रैली: तैयारी जोरों पर

किशनगंज: आगामी 25 फरवरी को पूर्णिया जिला के रंगभूमि मैदान में आयोजित होने वाली महा गठबंधन की रैली को लेकर तैयारियां जोरो पर चल रही है। जिसको लेकर किशनगंज जिला में तैयारियां देखी जा रही है। महा गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं का किशनगंज लगातार दौरा जारी है।जदयू के राष्ट्रीय सचिव संजय वर्मा ने गुरुवार को किशनगंज का दौरा किया जहां जदयू के कार्यकताओं और नेताओं ने संजय वर्मा को पुष्पगुच्छ और फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया।

अखिलेश ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर योगी सरकार को घेरा

लखनऊ: उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश विधान सभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सरकार पर तीखा हमला बोला। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने सदन में जो भाषण पढ़ा उसे भाजपा ने लिखा था। यदि वह स्वतः के अनुभव के आधार पर बोलतीं तो उनका अभिभाषण इससे अलग होता। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने सरकार के प्रदेश में निवेश के लिए किये जा रहे प्रयासों पर भी सवाल खड़ा किये। प्रश्नवाचक लहजे में उन्होंने कहा कि यह सरकार मेला कर रही है। अपने मंत्रियों को मेला देखने के लिए विदेश भेजा। 33 लाख करोड़ निवेश के एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं। इससे पहले भी इन्वेस्टर्स समिट हुआ था। बताया गया था कि उसमें चार लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए थे। किस-किस के साथ एमओयू हुए और कौन स एमओयू धरातल पर उतरा ? सरकार इसी जानकारी नहीं दे रही है। अखिलेश यादव ने डेढ़ घंटे से अधिक के भाषण में कभी चुटकी ली तो कभी आक्रामक दिखाई दिए।

उन्होंने गोरखपुर एम्स से लेकर कई योजनाओं को सपा सरकार की बताने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि गोरखपुर एम्स के लिए सपा सरकार ने जमीन दी थी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2017 के लोक कल्याण संकल्प पत्र में पुलिस के रिक्त पदों पर भर्ती का वादा किया था। क्या सरकार ने वह वादा पूरा किया।

एआईएडीएमके के अंतरिम महासचिव बने रहेंगे पलानीसामी

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) में नेतृत्व के मुद्दे पर मद्रास हाई कोर्ट के आदेश पर मुहर लगा दी है। जस्टिस दिनेश माहेश्वरी की बेंच ने तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम की याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने 12 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। पन्नीरसेल्वम ने हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी, जिसमें ई. पलानीसामी को पार्टी का अंतरिम महासचिव रहने देने की अनुमति दी गई थी। सुनवाई के दौरान पलानीसामी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सीए सुंदरम ने कोर्ट को इस बात का भरोसा दिया था कि जब तक कोर्ट इस मामले पर फैसला नहीं कर लेता, तब तक महासचिव पद पर कोई चुनाव नहीं कराया जाएगा। हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने 02 सितंबर 2022 को आदेश दिया था कि पलानीसामी को अंतरिम महासचिव बनने की अनुमति दी जाए। हाई कोर्ट ने कहा था कि एआईएडीएमके के नियमों के मुताबिक जनरल काउंसिल की बैठक पलानीसामी और पन्नीरसेल्वम की सहमति से बुलाया जाएगा, लेकिन अब इस बात की कोई गुंजाईश नहीं है कि दोनों नेता सहमत हों। इसलिए पलानीसामी को अंतरिम महासचिव चुनने के 12 जुलाई 2022 के फैसले को अमल में लाया जाए। हाई कोर्ट के इसी फैसले को पन्नीरसेल्वम ने चुनौती दी थी।

बंदूकें-तलवार लेकर घुसे, दबाव में पुलिस आरोपी की रिहाई को तैयार

अमृतसर में कट्टरपंथी अमृतपाल समर्थकों का थाने पर हमला

अमृतसर: पंजाब में गुरुवार को खालिस्तान समर्थक संगठन 'वारिस पंजाब दे' से जुड़े हजारों लोगों ने अमृतसर के अजनाला थाने पर हमला कर दिया। इनके हाथों में बंदूकें और तलवारें थीं। ये लोग संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह के करीबी लवप्रीत सिंह तूफान की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे थे। इनके हमले के बाद दबाव में आई पंजाब पुलिस ने आरोपी को रिहा करने का ऐलान कर दिया।

बैरीकेड तोड़कर थाने में घुसे, छह पुलिस कर्मी घायल: पुलिस ने उग्र भीड़ को रोकने के लिए बैरीकेड लगाए थे, लेकिन ये उन्हें तोड़कर अंदर घुस गए। झूमा-झटकी में 6 पुलिसकर्मी घायल हो गए। अमृतपाल सिंह ने कहा- पुलिस कर्मियों के घायल होने की झूठी खबर फैलाई जा रही है। सच तो यह है कि वह गिरने के बाद घायल हुए। हमारे 10-12 लोगों को चोटें आई हैं। उसने चेतावनी दी कि 24 घंटे के भीतर तूफान सिंह को रिहा कर दिया जाए।

पुलिस कमिश्नर बोले- जांच के लिए एसआईटी गठित होगी: अमृतपाल की चेतावनी के बाद अमृतसर के पुलिस कमिश्नर जसकरण सिंह का बयान आया। उन्होंने कहा- तूफान को छोड़ा जा रहा है। उसके समर्थकों ने उसकी बेगुनाही के पर्याप्त सबूत दिए हैं। मामले की जांच के लिए एसपी तेजबीर सिंह हुंदल की अगवाई में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बना दी गई है।

कला भाषाई विविधता और क्षेत्रीय विशेषताओं को एक सूत्र में बांधती है : राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि हमारी भाषाओं की विविधता और क्षेत्रों की विशेषताओं को हमारी कलाएं एक सूत्र में जोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय कलाएं भारत की सॉफ्ट-पावर का भी सर्वोत्तम उदाहरण हैं। राष्ट्रपति आज नई दिल्ली में वर्ष 2019, 2020 और 2021 के लिए संगीत नाटक अकादमी की फैलोशिप (अकादमी रत्न) और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (अकादमी पुरस्कार) प्रदान करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि सभ्यता किसी राष्ट्र की भौतिक उपलब्धियों को प्रदर्शित करती है, लेकिन अमूर्त विरासत उसकी संस्कृति के माध्यम से प्रकट होती है। संस्कृति ही देश की असली पहचान होती है। भारत की अनूठी प्रदर्शन कलाओं ने सदियों से हमारी अतुल्य संस्कृति को जीवित रखा है। हमारी कलाएं और कलाकार हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संवाहक हैं। 'विविधता में एकता' हमारी सांस्कृतिक परम्पराओं की सबसे बड़ी विशेषता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी परंपरा में कला एक साधना है, सत्य की खोज का माध्यम है, प्रार्थना और पूजा का माध्यम है।

पवन खेड़ा को गिरफ्तारी से मिली राहत

सुप्रीम कोर्ट का द्वारका कोर्ट को अंतरिम जमानत देने का निर्देश

नई दिल्ली: दिल्ली एयरपोर्ट पर असम पुलिस ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरुवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा अन्य नेताओं के साथ रायपुर में हो रहे अधिवेशन में शामिल होने जा रहे थे। दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि नियमों के तहत असम पुलिस की अपील पर कार्रवाई हुई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने पवन खेड़ा का पहले मेडिकल कराया गया फिर उन्हें सुप्रीम कोर्ट में पेश किया, जहां इस मामले में सुनवाई चली। पवन खेड़ा की ओर से मनु सिंघवी ने उनकी पैरवी की। उन्होंने सुनवाई के दौरान कोर्ट में खेड़ा की गिरफ्तारी पर रोक लगाए जाने की मांग की। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने खेड़ा को राहत देते हुए द्वारका कोर्ट को अंतरिम जमानत देने का निर्देश दिया। दरअसल, गुरुवार को पवन खेड़ा दिल्ली से रायपुर जा रही फ्लाइट में बैठने वाले थे। लेकिन उन्हें रायपुर जाने से रोक दिया गया। कांग्रेस ने पहले दावा किया कि पवन खेड़ा को दिल्ली एयरपोर्ट पर पुलिस ने हिरासत में लेने का प्रयास किया गया। लेकिन बाद में ट्वीट किया कि दावा किया कि पवन खेड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही कांग्रेस ने सवाल किया कि खेड़ा ने ऐसा कौन सा जुर्म कर दिया। ये तानाशाही नहीं तो क्या है। पवन खेड़ा की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस के नेता धरने पर बैठ गए। वहीं, दिल्ली से रायपुर जा रही फ्लाइट 6ए-204 को भी रद्द कर दिया गया है। गिरफ्तारी के बाद पवन खेड़ा ने बताया कि ये एक लंबी लड़ाई है और मैं लड़ने के लिए तैयार हूं।

असम पुलिस के आईजीपी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार भुइयां ने कहा कि असम के दीमा हसाओ जिले के हाफलोंग थाने में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

1 मार्च से भक्तों को मंगला आरती के 500 रुपए देने होंगे; श्रद्धालुओं की भीड़ को वजह बताया

काशी विश्वनाथ में बाबा की आरती हुई महंगी

वाराणसी: वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा की आरती महंगी हो गई है। मंगला आरती के लिए भक्तों को 150 रुपए ज्यादा देने होंगे। यानी अब 350 की जगह 500 रुपए देने होंगे। वहीं, सप्त ऋषि आरती, श्रृंगार भोग आरती और मध्यान्ह भोग आरती के टिकट में 120 रुपए की वृद्धि की गई है। इन आरती के लिए 180 की जगह 300 रुपए देने होंगे। नया रेट 1 मार्च से लागू हो जाएगा। बुधवार को श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की 104वीं बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिया गया। इससे पहले 2018 यानी 5 साल पहले मंगला आरती का टिकट 100 रुपए बढ़ाया गया था। तब टिकट 250 रुपए था। न्यास बोर्ड ने बताया कि मंदिर में बढ़ते श्रद्धालुओं को देखते हुए टिकट के दामों में बढ़ोतरी की जा रही है। सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि सिर्फ आरती के रेट में वृद्धि की गई है। इसके अलावा, रुद्राभिषेक और प्रसाद में कोई वृद्धि नहीं हुई है। गौरतलब है कि मंदिर कॉरिडोर बनने के बाद भक्तों की संख्या करीब 8 गुना बढ़कर 8 करोड़ हो गई है। वहीं, मंदिर का सालाना 8 से 10 करोड़ का चढ़ावा अब 10 गुना बढ़कर 105 करोड़ रुपए हो चुका है।

मंगला आरती के लिए 250 सीटें, 15-20 दिन पहले बुकिंग: मदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों ने बताया कि मंगला आरती की 250 सीटें हैं। इनकी ऑनलाइन बुकिंग होती है। यह सीटें 15-20 दिन पहले ही भर जा रही थी। बहुत सारे लोग आते नहीं थे। कीमतें बढ़ने से बुकिंग में कमी आएगी।

येदियुरप्पा का राजनीति से संन्यास

बेंगलुरु: कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने राजनीति से संन्यास ले लिया। विधानसभा में उन्होंने कहा कि ये मेरी फेयरवेल स्पीच है। ये एक दुर्लभ पल है, क्योंकि अब मैं दोबारा चुनाव नहीं लड़ूंगा। मुझे बोलने का मौका देने के लिए शुक्रिया। उन्होंने स्पीच में पीएम मोदी को धन्यवाद भी किया। उन्होंने कहा कि अगर भगवान ने मुझे शक्ति दी तो मैं पांच साल बाद होने वाले अगले विधानसभा चुनावों में भी भाजपा को सत्ता में लाने के लिए अपना पूरा जोर लगाऊंगा। मैं पहले ही कह चुका हूं कि अब मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा, लेकिन पीएम मोदी और पार्टी ने मुझे जो सम्मान और पद मिला उसके मैं जीवनभर नहीं भूल पाऊंगा। **मुख्यमंत्री पद से हटाया नहीं गया, मैंने खुद छोड़ा था:** भावुक कर देने वाले अपने भाषण में उन्होंने कहा कि विपक्ष कहता है कि मुझे मुख्यमंत्री पद से उन्हें हटाया गया था।

खबर संक्षेप

एसडीएम के रोक के बावजूद दबंग कर रहे हैं कब्जा, प्रशासन से लगाई गुहार

मऊआइमा। मऊआइमा के घीन पुर महमद पुर में एक परिवार का अपने पुश्तैनी भूमि पर सेहन दरवाजा है। जिसपर दबंग भूमाफिया कब्जा कर रहे हैं। एस डी एम ने रोकने का आदेश भी दिया है। परन्तु दबंगों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम घीनपुर के महमदपुर निवासी राम चन्द्र पुत्र स्वर्गीय कृपाल अत्यंत गरीब है। किसी तरह विभिन्न प्रकार के अखबारों का वितरण कर जीविकोपार्जन करता है। राम चन्द्र कहना है कि उसकी पुशतैनी जमीन जिसपर हमेशा से उसका सेहन दरवाजा है। गांव के कतिपय दबंग शोरे पुश्ती से जमीन पर कब्जा कर रहे हैं मना करने पर असलहों का प्रदर्शन करते हैं। जबकि एस डी एम ने निषेधाज्ञा लगाते हुए। रोकने का आदेश पुलिस को दिया है। परन्तु रामचन्द्र की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। रामचन्द्र ने शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

संदिग्ध दशा में तालाब में मिली लाश परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

सराय ममरेज थानान्तर्गत पतैयां गांव निवासी सर्वजीत तिवारी की गुरुवार को सुबह जौनपुर जनपद के बरसठी थानान्तर्गत पूरेसंवा गांव के परासिन मंदिर के पास तालाब में दिखा शव

अखंड भारत संदेश

जंघई। सरायममरेज थानांतर्गत पतैयां गांव निवासी सर्वजीत तिवारी उम्र 35 वर्ष पुत्र आशाराम तिवारी का शव गुरुवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में बरसठी थानांतर्गत जनपद जौनपुर के पूरेसंवा गांव के परासिन मंदिर के पास तालाब में मिला। ग्रामीणों ने शव को देखते ही पुलिस को सूचना दिया मौके पर बरसठी पुलिस पहुंची तो देखा शव के पास एक बाइक मिली बाइक का नंबर सरायममरेज थानांतर्गत ग्राम पतैयां के गुड्डू गुप्ता के नाम पंजीकृत है। पुलिस ने गुड्डू गुप्ता से फोन से संपर्क किया तो उसने बताया कि बाइक मैंने सर्वजीत तिवारी को बेंच दिया था। पुलिस ने मृतक सर्वजीत के परिजनों को सूचना दिया परिजन रोते बिलखते पहुंचे और सर्वजीत की शिनाख्त किया। परिजनों के अनुसार सर्वजीत बुधवार देर रात घर से बाहर निकले थे और बोला था कि रात में ही वापस आ जाऊंगा लेकिन वापस नहीं लौटे उनकी मौत की खबर पहुंची। तीन भाइयों में सबसे छोटे सर्वजीत को दो बच्चे हैं जिसमें 13 वर्ष की बेटी और 12 वर्ष का बेटा है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम हेतु जौनपुर भेज दिया है मृतक के सिर एवं शरीर पर गंभीर चोट के निशान है परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।

दबंगों ने विधवा के मकान पर किया कब्जा, मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। विधवा घर में ताला बंद कर रिश्तेदार के यहां गयी तो जब वापस लौटी तो दबंगों ने घर का ताला तोड़कर कब्जा कर चुके थे। विधवा ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम भाले का वन धरौता निवासनीय कविता सिंह उर्फ हिना पत्नी स्वर्गीय रंजीत सिंह रिश्तेदार के यहां घर में ताला बंद कर गयी थी। जब वापस लौटी तो देखा कि दबंगों ने उसके घर पर कब्जा कर लिए हैं। विधवा कविता सिंह ने मऊआइमा थाने में पवन ,आकाश ,शेरा पुत्रगण सियाराम विश्वकर्मा ग्राम शक्ती महमदपुर अलपी का पूरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

तमंचे के साथ एक को पकड़ा, भेजा जेल

घूरपुर। इलाकाई पुलिस ने क्षेत्र के भीटा विद्युत उपकेंद्र के पास से गुरुवार के दिन एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ कर उसके पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है । आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। गौहनिया चौकी प्रभारी ताराचन्द्र गुरुवार के दिन भीटा विद्युत उपकेंद्र के पास गस्त पर थे । इसी बीच एक व्यक्ति संदिग्ध हाल में पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने घेर कर व्यक्ति को पकड़ा और तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा और एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी संतोष कुमार पटेल पुत्र बचऊ लाल निवासी बोंगवा झरादतगंज के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

22 वर्ष पूर्व चक्का जाम मामले में विधायक विजमा यादव सहित अन्य बरी

अखंड भारत संदेश

सहसों। 22 वर्ष पूर्व सहसों चौराहे पर एक सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने सहसों चौराहे पर चक्का जाम कर दिया था। जिससे मामले में 25 -26 लोग अभियुक्त बनाए गए थे। उक्त मामले में प्रतापपुर की विधायक विजमा यादव सहित 15 क्षेत्रीय लोग वर्तमान समय में अभियुक्त रहे। मामले में कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। गुरुवार को फैसला आने पर कोर्ट ने प्रतापपुर की विधायिका विजमा यादव को डेढ़ वर्ष की सजा सुनाते हुए न्यायालय ने सभी नामजद अभियुक्तों को बेदाग बरी कर दिया। जिससे क्षेत्र के लोगों ने संतोष व्यक्त किया। बता दें कि श्याम बाबू केसरवानी निवासी कसेरूआ कला के तीसरे नंबर का पुत्र आनंद उर्फ छोटू अपनी बहन आभा के साथ 21 सितंबर 2000 को विकास इंटर कॉलेज में पढ़ने के लिए जा रहे थे कि प्रयागराज की तरफ से आ रही बस की चपेट में आने से आनंद उर्फ छोटू की घटनास्थल पर मौत हो गई थी। दुर्घटना में मृतक आनंद के पिता श्याम बाबू केसरवानी ने बताया कि बिना परिवार की सहमति के शव को यहां से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। जिसके बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश के चलते चक्का जाम कर दिया था। मौके पर विधायिका विजमा यादव व उस वक्त फूलपुर में कार्यरत क्षेत्राधिकारी बबिता साहू के बीच में काफी नोकझोंक हुई जिसे लेकर प्रशासन ने विधायिका सहित 25 26 लोगों पर चक्का जाम करने व अशांति फैलाने को लेकर मुकदमा पंजीकृत किया था। 22 वर्ष बाद गुरुवार को एमपी एमएलए कोर्ट का फैसला आने पर पिता श्याम बाबू केसरवानी, माता पुष्पा देवी, भाई अंकुर तथा यादवेंद्र केसरवानी ने खुशी व्यक्त करते हुए कोर्ट के निर्णय की सराहना की।

नैनी में पीडीए के भूखंड से हटवाया गया कब्जा

अखंड भारत संदेश

कब्जा करने वाले निर्माण पर चला बुल्डोजर, कब्जा मुक्त कराई गई 15 करोड़ की 1700 वर्गमीटर जमीन, एक भवन सील

नैनी। में प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से बुधवार को यमुनापार के नैनी आवास योजना समेत विभिन्न हिस्सों में कब्जा किए गए अपने भूखंडों को कब्जा मुक्त कराया। जिन लोगों ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण की जमीन पर निर्माण करा लिया था। उन्हें जेसीबी से ध्वस्त करा दिया गया। पीडीए के जोनल अफसर का दावा है कि करीब 1700 वर्ग मीटर की जमीन पर से अवैध कब्जा हटवाया गया है। जिसकी कीमत 15 करोड़ रुपए के आसपास है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण जोनल अधिकारी वीपी सिंह ने बताया कि प्राधिकरण की अधिग्रहित प्लाटिंग व आवंटित भूमि पर नैनी इलाके के कई हिस्सों में अनाधिकृत रूप से कब्जा कर लिया गया है। इसकी लगातार शिकायत मिल रही थी। मौके पर जांच में शिकायत सही पाई गई थी।जिसके बाद बुधवार को अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। जिसके तहत देवरख उपरहार में 500 वर्ग मीटर, नैनी आवास योजना के ब्लॉक सी में 120 वर्ग मीटर, सीएम आवास योजना में 300 वर्ग मीटर, कांशी राम चौराहे पर पानी टंकी से सटे करीब 250 वर्ग मीटर और यमुना विहार के पीछे 550 वर्ग मीटर का भूखंड कब्जा मुक्त कराया गया। इस दौरान यहां पर अवैध निर्माण करने वालों का जेसीबी से निर्माण ढहा दिया गया। इसके अलावा नैनी के ही पूरा फतेह मोहम्मद में अवैध निर्माण करने वाली आदिका खान का भवन सील कर दिया गया। दोपहर 3:00 बजे शुरू हुई यह कार्रवाई शाम को 6:30 बजे तक चली इस दौरान नैनी पुलिस बल के साथ अवर अभियंता श्रीरंग दुबे, भवन निरीक्षक कुवंर आनंद सिंह सुपरवाइजर एवं पीडीए प्रवर्तन दल की टीम मौजूद रही। इस दौरान लोगो का अच्छा खासा मजमा भी लगा रहा।

शादी में शरीक होने गये परिजन चोर खंगाल लें गये घर का सामान

करछना। थाना क्षेत्र के डाडो गांव निवासी संजय कुमार पटेल पुत्र नंदकिशोर पटेल के सुनसान मकान में बुधवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने घर के सामने का ताला काट कर घर के अंदर घुसे चोरों ने नकदी समेत लाखों रुपए के महिलाओं के सोने चांदी के कीमती जेवरात पार कर गए। जिससे भुक्तभोगी परिजन चिंतित व मायूस है। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर वापस चली गई। पीड़ित संजय कुमार पटेल ने बताया कि बुधवार की रात्रि में परिवार सहित घर से नैनी के एक रिश्तेदार के यहां एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। सुनसान घर पाकर अज्ञात चोरों ने घर के सामने का ताला काटकर अंदर घुसे चोरों ने सूटकेस बॉक्स उठाकर बाहर लेकर चले गए। और पास के एक गेहूं के खेत में बृहस्पतिवार सुबह खाली मिला ।और उसमें रखे 40 हजार रुपए नकदी समेत नवविवाहिता लड़की रीता पटेल के तकरीबन 3 लाख रुपए के सोने चांदी के गहने उठा ले गए। बृहस्पतिवार सुबह चोरी की सूचना मिलने पर परिवार सहित घर पहुंचा तो देखा कि घर के सारे सामान बिखरे पड़े हुए थे और सूटकेस में रखे नकदी समेत घर की महिलाओं के सोने चांदी के कीमती जेवरात चोर उठा ले गए थे।

औधोगिक क्षेत्र में प्रतियोगी छात्र की रेलवे ट्रैक के पास मिली लाश, हत्या की आशंका आरोप

अखंड भारत संदेश

नैनी। औधोगिक क्षेत्र में बीती रात नीट की तैयारी करने वाले प्रतियोगी छात्र की लाश रेलवे क्रॉसिंग के समीप ट्रैक के किनारे मिली। उसके सिर के पिछले हिस्से में गंभीर घाव है। जांघ पर और शरीर के अन्य हिस्से में भी चोट थी। जिसे देखकर परिवार के लोग हत्या की आशंका जता रहे हैं। लेकिन पुलिस हादसा मानकर चल रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।औधोगिक क्षेत्र अंतर्गत रामपुर निवासी अरुण कुमार मिश्रा पराग डेयरी में काम करते हैं। वह अपनी पत्नी मंजू मिश्रा पांच बेटों सचिन, जीतू, रिशु , सुधांशु और शिवा उर्फ गोरे उर्फ विराट मिश्रा तथा बेटी रिचा मिश्रा व एक अन्य बेटी के साथ अपनी ससुराल छरीबना, औधोगिक क्षेत्र में मकान बनाकर रहते हैं। बड़ा बेटा सचिन मिश्रा डेयरी फार्म चलाता है जिसमें अन्य भाई भी सहयोग करते हैं सचिन मिश्रा ने बताया कि उसका छोटा भाई विराट पढ़ने में बहुत अच्छा था। वह प्राइवेट कॉलेज से बीएससी फर्स्ट ईयर का छात्र था। साथ में नीट की तैयारी करता था। इसके लिए वह जॉर्ज टाउन स्थित पांडेय क्लासेज में कोचिंग भी करता था। सचिन के अनुसार उसके बाबा केसी मिश्रा रामपुर में रहते हैं उनके लिए शिवा प्रतिदिन साइकिल से दूध पहुंचाने शाम को जाता था। रोज की तरह बुधवार की रात में 7:30 बजे शिवा साइकिल लेकर बाबा को दूध देने रामपुर के लिए निकला था। रात में 8:00 बजे तक जब दूध रामपुर नहीं पहुंचा तो बाबा ने घर पर मां मंजू मिश्रा को फोन किया और पूछा कि आज शिवा क्यों नहीं आया। यह सुनकर मां ने कहा कि वह तो दूध लेकर 7:30 बजे ही निकल गया है। बाबा का फोन कटने के बाद मां ने शिवा को फोन मिलाया। शिवा ने कहा कि अभी वह बिजी है, थोड़ी देर में बात करता है। इतना कर कर वह फोन काट दिया। रात 8:30 मां ने फिर से सिवा को फोन किया तो उसका फोन नहीं उठा 9:00 बजे तीसरी बार फोन किया तो भोंदू नाम के एक मुस्लिम लड़के ने उसका फोन उठाया और बताया कि रामपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास उसे यह मोबाइल गिरा मिला है। यह सुनकर मंजू अपनी बेटी रिचा को लेकर घर से 400 मीटर की दूरी स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंची और भोंदू से शिवा को मोबाइल लेकर घर चली आई। जब रात में 10:30 बजे तक शिवा नहीं आया, तब उन्होंने सचिन और अन्य बेटों से बताया। उसके बाद शिवा की खोजबीन शुरू हो गई। रात में 11:30 बजे के आसपास रेलवे क्रॉसिंग से पांचवी खंभे के पास रेलवे ट्रैक के किनारे शिवा की लाश मिली। उसका एक पैर का चप्पल लाश के पहले और दूसरे पर का चप्पल कुछ दूर पर पड़ा हुआ था। उसकी साइकिल रेलवे क्रासिंग के समीप रहने वाले एक मुस्लिम परिवार के घर के सामने खड़ी थी। इसमें दूध की टंकी भी टंगी हुई थी। सूचना के बाद पहुंची औद्योगिक क्षेत्र थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कारण का पता चलेगा। एसआई विनय कुमार नामदेव का कहना है कि फिलहाल लाश की स्थिति देखने से हादसा लग रहा है।

नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

जंघई। अभयराज मिश्र पूर्व प्रधान गोपालापुर के निवास पर आयोजित भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया इसमें श्रद्धालु जमकर थिरके इस मौके पर पूरा कथा परिसर भगवान श्री कृष्ण के जयकारों तथा नंद के आनन्द भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गूंजायमान हो उठा। कथा व्यास रामानुजाचार्य स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मयार्दाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। यहां पर जैसे ही श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग कथा में आया तो श्रद्धालु हरे राधा-कृष्ण के उदघोष के साथ नृत्य करने लगे जन्मोत्सव के प्रसंग को भाव विभोर कर दिया।कथा के पश्चात आरती प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें मुख्य यजमान इंद्रावती देवी उदयराज मिश्र, सावित्री अभयराज मिश्र, शकुंतला खेमराज मिश्र, सीता देवी श्याम राज मिश्र, सुशीला देवी अवध राज मिश्र, शमला देवी प्रेमराज मिश्र, सविता धर्मराज मिश्र एवं कार्यक्रम संचालकों में अनुज महाराज, अभिषेक शुक्ला, गंगाधर पांडेय, कल्लू पंडित, कुल गुरू अखिलेश त्रिपाठी, कुल पुरोहित जगदंबा प्रसाद शुक्ल, दुर्गा प्रसाद शुक्ल, उदयराज मिश्र, बाबा मिश्रा, देवेंद्र दुबे, परिजनों में धर्मेंद्र, जितेंद्र, मनोज, संजय, अरविंद, राजू, दीपक, आशीष, दिलीप, अतुल, संदीप, कुलदीप, मयंक, मंथन, यश, हर्ष, दिव्यांश, युग, बिवान, आरव, मानसी, मान्या, सौम्या, पीहू, श्रीनिधि, कामना, सुनिधि, बैदेही आदि लोग मौजूद रहे।

आज से शुरू होगी रोकड़ी में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

करछना। रोकड़ी गांव में जन कल्याण हेतु संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ सप्ताह 24 फरवरी शुक्रवार से आयोजित किया गया है । जिसमें कथा के प्रथम दिन बुधवार को वेदी रचना एवं प्रतिष्ठा पूजन के सहित कलश यात्रा निकाली जाएगी । यह जानकारी कथा के संयोजक पारसनाथ तिवारी ने दी है । उन्होंने बताया कि कुल गुरु श्री श्री 1008 स्वामी नारायण दास जी के सानिध्य में मुख्य श्रोता यजमान के रूप में स्व लक्ष्मीकांत तिवारी की पत्नी सुशीला देवी होगी। और कथा वाचक के रूप में कथा व्यास पं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी रहेंगे। उन्होंने लोगों से कलश यात्रा में शिरकत करने व कथा श्रवण के लिए अपील की है।

अपने खिलाड़ियों का राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग करने का खर्च वहन करेगा यूनाइटेड समूह : सतपाल गुलाटी

यूआईएम एफयूजीएस का तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

नैनी। यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फैकल्टी ऑफ अंडर ग्रेजुएट स्टडीज (यूआईएम एफयूजीएस), नैनी का तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 2023 गुरुवार को नवनिर्मित यूनाइटेड प्लेग्राउंड में शुरू हुआ। आयोजन के पहले दिन आयोजित विभिन्न खेलों में कॉलेज के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।युनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई) के वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी ने सभी नवोदित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने बड़ी घोषणा की। कहा कि यदि युनाइटेड के छात्र-छात्रायें राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर के किसी भी खेल में प्रतिस्पर्धा करते हैं तो समूह उनके सभी खर्चों को वहन करेगा। उन्होंने छात्रों को दिमाग और शरीर के समग्र विकास के लिए खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और विश्वास जताया कि आने वाले समय में यूनाइटेड के छात्र-छात्रायें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में अपना परचम लहरायेंगे। इस अवसर पर छात्रों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी यूआईएम एफयूजीएस के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और खेलकूद शुरू होने की घोषणा की। उन्होंने यूजीआई के वाइस चेयरमैन को कॉलेज को नवनिर्मित क्रीड़ा-स्थोल उपलब्ध कराये जाने के लिए आभार प्रकट किया आयोजन के पहले दिन फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन और कबड्डी सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर युनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी) के प्राचार्य प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव, यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी (यूआईपी) के प्राचार्य डॉ आलोक मुखर्जी सहित कॉलेज के फैकल्टी सदस्य उपस्थित थे।

न्यूज झरोखा

अनुवां मुसहर बस्ती में लगी आग, तीन छप्पर जलकर खाक

जंघई। सरायममरेज थानांतर्गत अनुवां मुसहर बस्ती में सुनीता देवी पत्नी अनुज, महेश कुमार पुत्र राम संजीवन, कमलेश पुत्र अनुज के छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें गृहस्थी का सामान एवं नगद रुपए जल कर राख हो गए सूचना पर पहुंचें प्रधान ने लेखपाल से बात किया और उचित कार्रवाई करने को कहा।

प्रबंधक के निधन पर जताया शोक व्यक्त की संवेदना

करछना। पीड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीड़ी के प्रबंधक अशोक कुमार शुक्ल की गत दिवस हुई आसमायिक मृत्यु पर बुधवार को पीड़ी पीजी कालेज के निदेशक अनुराग शुक्ल मोनू की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित हुई । जिसमें दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से सामूहिक रूप से प्रार्थना की गई। इसी प्रकार बाबा लाल शुक्ल इंटर कॉलेज पीड़ी के प्रधानाचार्य पवन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में व चंद्र शेखर तिवारी हाई स्कूल पडोखरा के प्रधानाचार्य श्याम सुंदर त्रिपाठी की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित हुई। मां शारदा कान्वेंट हाई स्कूल कुलमई के प्रबंधक त्रिवेणी प्रसाद मिश्र व राम अचल सिंह पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज मेदिनीसिंह का पूरा में प्रबंधक आचार्य रणविजय सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को शोक सभा आयोजित हुई । जिसमें लोगों की ओर से दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर रमाकांत शुक्ल सुशील कुमार मिश्र सुधाकर मिश्र स्वामीनाथ त्रिपाठी रविशंकर द्विवेदी आशुतोष त्रिपाठी संजय तिवारी अनूप पांडेय संजीव पांडेय सहित संबंधित विद्यालयों के शिक्षक लोग मौजूद रहे।

अवकाश प्राप्त शिक्षक के निधन पर शोक दी गई श्रद्धांजलि

सहसों। अवकाश प्राप्त शिक्षक गोजैहां, टकटैया करछना निवासी 95 वर्षीय पंडित रामधीरज मिश्र का बुधवार को प्रयागराज के निजी चिकित्सालय में इलाज के दौरान निधन हो गया?। उनके निधन से परिवारीजन सहित आसपास क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। अवकाश प्राप्त शिक्षक के निधन पर गुरुवार को सहसों में प्रभाकर पांडे की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित किया गया। जिसमें मृत अवकाश प्राप्त शिक्षक को श्रद्धा सुमन अर्पित कर लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर चिंतामणि तिवारी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा पंडित राम धीरज मिश्रा ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाने के साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी अग्रणी भूमिका निभाने का काम किया। उनके निधन से जहां परिजन शोक संतप्त हैं वहीं क्षेत्रीय शिक्षक समाज में भारी शोक व्याप्त है। इस अवसर पर शिक्षक, अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं समाजसेवी गण उपस्थित रहे।

युवक ने महिला का अश्लील वीडियो बनाकर मांगी रागदारी मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। महिला का अश्लील वीडियो बना कर युवक ने मंगा बीस हजार रंगरदारी मांगने लगा महिला द्वारा दस हजार देने के बाद भी वीडीओ कर दिया वायरल मऊआइमा। एक महिला के यहां रिश्तेदार यूवक रहता था। यहां से जाने के बाद फोन पर उससे अश्लील बातें करने लगा। मना करने पर रिश्तेदार ने यह धमकी दी कि स्नान, एंव सोते समय उसका वह वीडीओ बना लिया हैं। यदि बीस हजार नहीं दो गी तो सोशल मीडिया पर डाल कर बदनाम कर दूंगा। महिला ने लोकलाज के भय से दस हजार दे दिया तो वह फिर बीस हजार मांगने लगा । मांग न पूरी होने पर सोशल मीडिया पर वीडीओ वायरल कर दिया। महिला ने युवक और उसके अधिवक्ता भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला का आरोप है कि उनके यहां फूफा का छोटा पुत्र रहता था। यहाँ से जाने के बाद वह उससे मोबाइल पर अश्लील बातें करने लगा। मना करने पर तह धमकी दी कि तुम जब स्नान कर रही थी और सो रही थी तो वह उसका अश्लील वीडियो बना लिया है। यदि बीस हजार रुपये नहीं दोगी तो वीडीओ सोशल मीडिया पर डाल कर बदनाम कर दूंगा। महिला का कहना है कि वह अपनी बहन से दस हजार रुपये लेकर दे दिया। बावजूद इसके वह ब्लैकमेल करने लगा और फिर बीस हजार मांगने लगा न मिलने पर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिया। और यह धमकी दी कि यदि किसी को बताए तो मेरा भाई हाईकोर्ट में अधिवक्ता है। तुम को और तेरे पति को फर्जी मुकदमा में फंसवा कर जेल भेज दूंगा। उक्त सारी कहानी महिला ने अपने पति और भाई से बताई तो वह युवक को घर बुलाए। जहां वह तमंचा तथा,मोबाइल लेकर आया। मोबाइल छीन कर उसके अधिवक्ता भाई को बुलाया तो वह आने से इंकार करते हुए नहर ददौली पेट्रोल पंप के निकट बुलाया। जहां महिला का पति और उसका भाई गए तो उल्टा युवक का अधिवक्ता भाई ने यह धमकी दी कि में हाईकोर्ट का सीनियर वकील हूँ। फर्जी मुकदमा में फंसा कर जेल भेज दूंगा। मजबूरन महिला ने मऊआइमा थाने में विधासागर तथा उसके अधिवक्ता भाई नाम अज्ञात पुत्रगण शिवनाथ निवासी सराय राजा थाना खरवई जनपद प्रतापगढ़ के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

भडेवरा में भक्तजनों निकाली शिव बारात

करछना। भडेवरा बाजार स्थित पाल बस्ती में सामूहिक रूप से नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पूर्व बृहस्पतिवार शाम को गाजे-बाजे के साथ शिव बारात शिवभक्त लोगों की ओर से निकाली गई । जिसमें पालकी में भगवान भोले व माता पार्वती की मूर्ति का श्रृगांर करके बाजार समेत काली माता धाम के अलावा हनुमान पुर गांव तक महिलाओं की सुमागलिक गीतों के साथ शिव बारात भ्रमण की। जिसमें भारी तादाद में गांव वासी लोग शामिल रहे। शिव बारात के आयोजक हौसला प्रसाद पाल व संयोजक बिरजू पाल तथा व्यवस्थापक पन्नालाल पाल ने बताया कि आचार्य पं उमाकांत पांडेय की मौजूदगी में शुक्रवार को शिव पार्वती की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोचार के साथ होगी। शिव बारात में शामिल लोगों में ,राजेंद्र प्रसाद पाल ,पप्पू पाल सँजय पाल विष्णु पाल प्रभात पाल विपिन पाल राम पाल श्याम पाल रोहित विश्वकर्मा अखिलेश विश्वकर्मा मोहनलाल तिवारी महाकाल विश्वकर्मा सहित महिलाएं लोग शामिल रही।

शुआट्सके स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में तंबाकू जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नैनी। सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) में स्वास्थ्य विज्ञान संकाय ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के हिस्से के रूप में एक जागरूकता कार्यक्रम की मेजबानी की। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ एवं राम सृजन जन कल्याण संस्थान द्वारा किया गया। फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ दानिश अहमद ने सभी अतिथियों व दर्शकों का स्वागत किया। डॉ. शैलेश कुमार मौर्य द्वारा छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को तंबाकू के उपयोग के खतरों और धूम्रपान छोड़ने के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए एक संवाद सत्र आयोजित किया गया। उन्होंने फेफड़े के कैंसर, हृदय रोग और सांस की बीमारियों सहित तम्बाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सांख्यिकीय आँकड़े प्रस्तुत किए। उन्होंने आगे धूम्रपान छोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया और धूम्रपान बंद करने के लिए सलाह और संसाधन प्रदान किए। स्वास्थ्य विज्ञान संकाय की एसोसिएट डीन डॉ. शीजा मैथ्यू ने कार्यक्रम की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा, "तंबाकू का उपयोग एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा है, और स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा लोगोंशिक्षित करना हमारी जिम्मेदारी है। हम आशा करते हैं कि यह कार्यक्रम अधिक से अधिक लोगों को धूम्रपान छोड़ने और स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करेगा।" कार्यक्रम में स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के विभिन्न विभागों के छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवियों श्री ओम प्रकाश मिश्र एवं श्री सुमन लता ने किया। कार्यक्रम का समापन प्रोफेसर अमिता वर्मा, एचओडी फार्मास्युटिकल साइंसेज के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के डीन डॉ शेखर ने समुदाय में स्वास्थ्य और भलाई को बढ़ावा देने के लिए तंबाकू जागरूकता कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना की।

खबर संक्षेप

एसडीएम बारा ने अवैध परिवहन करती ट्रकों को किया सीज

बारा। तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर चौराहे पर एसडीएम बारा, खनन विभाग व पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर अवैध परिवहन करने वाली ट्रको के खिलाफ सीज की कार्यवाही किए जाने से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा रहा। एसडीएम बारा सूदन अब्दुल्लाह, खनन अधिकारी, थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह व चौकी इंचार्ज गंगाराम सोनकर द्वारा क्षेत्र के शिवराजपुर चौराहे पर संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें चित्रकूट की ओर से आने वाली भरतकूप छर्री, सिलिका सैंड बालू, यमुना सैंड परिवहन करने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। जिसमे भरतकूप छर्री लदी हाइवा डम्फर, एक ट्रक व एक ट्रैक्टर को अवैध रूप से परिवहन करते पाए जाने पर उसके खिलाफ सीज की कार्यवाही की गई। उच्च अधिकारियों द्वारा की गई इस कार्यवाही से अवैध खनन व परिवहन करने वाले माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि चित्रकूट से प्रयागराज की ओर प्रतिदिन भोर से ही सैकड़ों ओवरलोड छर्री लादकर ट्रक व डंफर तेज स्पीड से गुजरते हैं। इन्हीं गाड़ियों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जिसमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि चित्रकूट की ओर से प्रयागराज की ओर छर्री व यमुना सैंड बालू लादकर अवैध रूप से परिवहन करने वाली ट्रकों की प्रतिदिन जांचकर कार्यवाही की जाए।

मण्डलायुक्त ने की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मण्डलीय समीक्षा बैठक

ब्लाक स्तर पर स्थापित फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। पुराने लम्बित मुकदमें जो खास तौर पर धारा 35 आपसी विवाद एवं दाखिल खारिज से संबंधित हैं, उनका निस्तारण शीघ्र करें। ग्राम सचिवालयों में रोस्टर बनाने शिकायत रजिस्टर की व्यवस्था करने तथा शिकायतों के निस्तारण की पाक्षिक समीक्ष करने के निर्देश प्रतिभाशाली बच्चों को बढ़ावा देने के दृष्टिगत प्रत्येक स्कूल के प्रत्येक कक्षा में से प्रतिभाशाली छात्रों को चिन्हित कर उनपर विशेष ध्यान देने के निर्देश। मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से त्रिवेणी सभागार में मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने ब्लाक स्तर पर स्थापित फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफ0आर0यू0) में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए एन्टीनेटल केयर (ए0एन0सी0) सेफ डिलेवरी एवं वैक्सिनेशन जैसे कार्यों पर अधिक ध्यान देने के निर्देश दिए, जिससे कि प्रसूताओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में सहयोग किया जा सके।इसी क्रम में आई०जी०आर०एस० पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए असंतोषजनक फीडबैक पर अधिकारियों द्वारा की गयी कार्यवाही में लापरवाही की वजह से प्रदेश में प्रयागराज मण्डल का 15वां स्थान आने के दृष्टिगत मण्डलायुक्त ने खासी नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को अपने निस्तारण की प्रकिया को और बेहतर करने के निर्देश दिए।ग्राम स्तर पर पुराने लम्बित मुकदमें जो खास तौर पर धारा 35 आपसी विवाद एवं दाखिल खारिज से संबंधित हैं उनको चिन्हित कर उनका शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए तथा संबंधित अधिकारियों को यह भी चेतावनी दी कि तहसील दिवस अथवा औचक निरीक्षण के दौरान ऐसे मुकदमें संज्ञान में आने पर लापरवाही बरतने वाले संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।पूर्व में ग्राम सचिवालयों को सकिय करने हेतु दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सभी ग्राम सचिवालयों में सुनवाई हेतु रोस्टर बनाने, शिकायतकताओं की शिकायत दर्ज करने हेतु रजिस्टर बनाने तथा ब्लाक स्तर पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में पाक्षिक समीक्षा बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित उप जिलाधिकारियों को रोस्टर के अनुसार सुनवाई करने वाले अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को भी कहा। साथ ही शिकायतकताओं के साथ अच्छा व्यवहार तथा उनके बैठने आदि संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने को भी कहा।बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत आकांक्षात्मक ब्लाक्स बनाये जाने के संबंध में सभी विद्यालयों द्वारा अपेक्षित कार्य सुनिश्चित करने तथा जहां भी निर्माण / विद्यालय विस्तार की आवश्यकता है एवं पैसा स्वीकृत हो चुका है वहां कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए । प्रतिभाशाली बच्चों को बढावा देने के दृष्टिगत सभी संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक स्कूल के प्रत्येक कक्षा में से कुछ प्रतिभाशाली छात्रों को चिन्हित कर उनपर विशेष ध्यान देते हुए उनका प्रवेश अच्छे स्कूलों में कराने के प्रयत्न करने के भी निर्देश दिए। इस संबंध में सभी उप जिलाधिकारियों को जिलाधिकारी के माध्यम से अपनी-अपनी तहसील में करायी जा रही कार्यवाही की आख्या उनके समक्ष प्रस्तुत करने को कहा है।गोवंशों को हरा चारा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत शासन द्वारा दिए गए निदेर्शों के कम में उन्होंने मण्डल के सभी संबंधित जनपदों को अपने-अपने जनपद में हरे चारे की उगाई हेतु भूमि चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने को भी कहा है।

सीएम योगी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत

हाईकोर्ट ने आपराधिक केस चलाने की मांग वाली याचिका की खारिज, एक लाख हजार्ना भी लगाया

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ आपराधिक केस चलाने की मांग वाली पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही साथ हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले पर ?100000 हजार्ना भी लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि सीएम योगी का विरोध करने वाली ताकतें देश-प्रदेश का विकास होते नहीं देखना चाहतीं।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस संबंध में किसी भी तरह का दिशानिर्देश देने से इनकार करते हुए कहा कि सीएम योगी का विरोध करने वाली ताकतें, जो देश-प्रदेश का विकास होते नहीं देखना चाहतीं। राज्य सरकार को इसकी जांच करनी चाहिए। हालांकि कि कोर्ट ने इस संबंध में कोई-निर्देश जारी करने से परहेज किया। कोर्ट ने.यह फैसला राज्य सरकार पर ही छोड़ दिया है।

याची पर 14 केसों का आपराधिक इतिहास : कोर्ट ने यह टिप्पणी अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल द्वारा आशंका उठाए जाने पर की, जिसमें उन्होंने ने कहा था कि याची जिसका 14 केसों का आपराधिक इतिहास है वह 2007 से गोरखपुर जिला अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक केस लड़ रहा है। जिस मुकदमे बाजी में काफी धन खर्च हुआ है, उसके पीछे सरकार व प्रदेश के विकास विरोधी ताकतें हैं। कोर्ट ने सीएम योगी के खिलाफ केस में विवेचना के बाद दाखिल फाइनल रिपोर्ट पर याची की आपत्ति ट्रायल कोर्ट द्वारा निरस्त करने को सही माना। कोर्ट ने कहा जिस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से फैसला अंतिम हो चुका उस पर ट्रायल कोर्ट पुनर्विचार नहीं कर सकती है। कोर्ट ने याची को चार हफ्ते में हजार्ना आर्मी वेलफेयर फंड में जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट के इस फैसले से योगी आदित्यनाथ को बड़ी राहत मिली है। गोरखपुर के कथित सोसल वर्कर परवेज परवाज की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर जस्टिस डीके सिंह की सिंगल बेंच सुनवाई कर रही थी।

आवश्यकता है

बृजराज सिंह डिग्री कालेज
थुलमा, आसेपुर, सैदाबाद, प्रयागराज
बी.एस.सी. (एग्रीकल्चर)
पाठ्यक्रम हेतु
विभागाध्यक्ष (01) पद, सहायक आचार्य (12) पद, योग्यता एवं वेतनमान यू.जी.सी. + आई. सी. ए. आर./पी.आर.एस.यू. के मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के 7 दिन के अन्दर महाविद्यालय में आवेदन जमा करें।
प्रबन्धक
बृजराज सिंह पी.जी. कालेज
थुलमा, आसेपुर, सैदाबाद, प्रयागराज
Mob.: 9889056889
Email: brsdcollege87@gmail.com

बृजराज सिंह लॉ कालेज
थुलमा, आसेपुर, सैदाबाद,प्रयागराज
सम्बद्ध
प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज
प्राचार्य (01) पद, सहायक आचार्य (09) पद, योग्यता L.L.M., NET, Ph.D.
वेतनमान –
यू.जी.सी. मानकानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के 10 दिवस के अन्दर महाविद्यालय में आवेदन जमा करें।
प्रबन्धक
विजय सिंह
Mob.: 9889056889
Email: brijrajsinghlaw college@gmail.com

जिसे चार महीने से ढूंढ़ रही पुलिस, उसने होटल में बुलाकर छात्रा से किया दुष्कर्म

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। नकली प्लेटलेट्स चढ़ाने से मरीज की मौत के मामले में जिस आरोपी को पुलिस चार महीने से ढूंढ़ रही है, उसने नौकरी के बहाने प्रतियोगी छात्रा को होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया और फरार हो गया। घटना लूकरगंज की है जिसकी शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही अब खुल्दाबाद पुलिस भी उसकी तलाश में जुट गई है।पीड़ित छात्रा मूल रूप से फतेहपुर की रहने वाली है और सलोरी में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती है। उसने पुलिस को बताया है कि झलवा स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल में उसकी मुलाकात सौरभ मिश्रा से हुई थी। बातचीत में उसने उसे बताया कि वह चाहे तो उसे रिशेप्शनिस्ट की नौकरी दिलवा सकता है। छात्रा का कहना है कि इसी बहाने से उसने उसका नंबर ले लिया और फिर उससे बातें करने लगा।आरोप है कि नौ फरवरी को सौरभ ने उसे फोन कर नौकरी दिलवाने की बात कहते हुए बुलाया। वह प्रयाग स्टेशन पहुंची जहां से उसे लेकर वह लूकरगंज स्थित सनशाइन होटल में पहुंचा। फिर वहां उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़िता मंगलवार को खुल्दाबाद थाने पहुंची और पुलिस को जानकारी देते हुए तहरीर दी। खुल्दाबाद इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

आरोपी के खिलाफ जारी है गैरजमानती वारंट

छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी सौरभ मिश्रा धूमनगंज से वांछित तो है ही, उसके खिलाफ कोर्ट से गैरजमानती वारंट भी जारी है। गौरतलब है कि 19 अक्तूबर को बाकराबाद बम्हरौली निवासी प्रदीप पांडेय की नकली प्लेटलेट्स चढ़ाए जाने से मौत हो गई थी। यह प्लेटलेट्स उसे तीन दिन पहले झलवा स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल में चढ़ाई गई थी। इस मामले में पत्नी वैष्णवी ने तहरीर देकर 21 अक्तूबर को अस्पताल की बिल्डिंग के मालिक पप्पू साहू व उसके बेटे सतीश साहू को नामजद किया था जबकि अस्पताल के डॉक्टर व कर्मचारियों को भी आरोपी बनाया था। मुकदमे की विवेचना के दौरान ही सौरभ मिश्रा का नाम सामने आया, जिस पर उसे वांछित किया गया। काफी तलाश के बाद भी नहीं मिलने पर उसके खिलाफ वारंट जारी कराया गया।

शुआट्स परिसर के बांस कोठी में मिला पुरा छात्र का शव

नैनी कोतवाली अंतर्गत ईसाई बस्ती निवासी आशीष सिंह उर्फ रॉबिन

अखंड भारत संदेश

नैनी। थाना क्षेत्र में स्थित शुआट्स कैंपस में स्थित बांस के जंगल में बृहस्पतिवार की दोपहर कॉलेज के एक पुरा छात्र की लाश पाई गई। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। घरवालों का कहना है कि वह जॉब के लिए परेशान था। जॉब न मिलने की वजह से नशे की लत लग गई थी। हालांकि उसके भाई, मां तथा नानी का कहना है कि उनके बेटे की हत्या की गई है। लाश को जंगल में फेंक दिया गया है। इसकी पुलिस को गहनता से जांच करनी चाहिए। पुलिस मौत की वजह नशे की ओवरडोज मानकर चल रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। यमुनानगर के नैनी कोतवाली अंतर्गत चकलाल मोहम्मद मोहल्ला ईसाई बस्ती निवासी आशीष सिंह उर्फ रॉबिन (25) पुत्र स्वर्गीय राजीव सिंह दो भाइयों में बड़ा था उसका छोटा भाई आकाश सिंह है, जो एक इलेक्ट्रिक बाइक कंपनी में काम करता था लेकिन फिलहाल नौकरी छोड़कर घर में बैठा है रॉबिन उर्फ आशीष सिंह सैम हिग्गिनबॉटम साइंस एंड टेक्नोलॉजी (शुआट्स) से वर्ष 2016 मैं बीकॉम में पास आउट था। नौकरी की तलाश कर रहा था उसके पिता स्वर्गीय राजीव सिंह की पिछले साल मौत हो गई उसकी मां रंजना सिंह पॉलिटेक्निक विभाग में क्लर्क हैं। गुरुवार की सुबह आठ बजे घर से निकला था।किसी माध्यम से जब मोबाइल ट्रेस किया गया तो उसकी लोकेशन शुआट्स परिसर में बाद की कोठी के पास मिली। ढूंढते-ढूंढते परिवार के लोग बायोटेक डिपार्टमेंट के समीप बांस के जंगल में उसकी लाश मिली। सूचना के बाद एग्रीकल्चर चौकी इंचार्ज विपिन कुमार अपने दल बल के साथ पहुंचे।उसकी नानी वायलट का कहना है कि उसके बच्चे को कहीं और ले जाकर मारा गया है। चौकी इंचार्ज विपिन कुमार ने बताया कि वह नशे का लती था। आशंका है कि ओवर डोज की वजह से उसकी मौत हुई है। बाकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई पता चलेगी।

आवश्यकता है

श्याम सुन्दर शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय मवई कला, कुण्डा, प्रतापगढ़ (उ.प्र.) में स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत कला संकाय (बी.ए.) में भारतीय प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, गृहविज्ञान, हिन्दी, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र (प्रत्येक विषय हेतु 1 पद) एवं शिक्षा संकाय (बी.एड.) में बी.एड. प्रवक्ता –हिन्दी, गणित, विज्ञान (प्रत्येक विषय हेतु 1 पद) और सामाजिक विज्ञान विषय के (2 पद हेतु) आवेदन पत्र विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर आमंत्रित किए जाते हैं। सभी पदों हेतु योग्यता यूजीसी /एन.सी.टी.ई./उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुरूप होगी।

मैनेजर
श्याम सुन्दर शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय
मवई कला, कुण्डा, प्रतापगढ़
मो: 9450184497, 7905488086

तस्करी कर लाई गई खतरनाक मछली से भरा ट्रक को उतरांव पुलिस ने पकड़ा

उतरांव। जनपद प्रयागराज के उतरांव पुलिस ने गुरुवार को प्रतिबंधित मांगुर मछली से भरा ट्रक पकड़ा।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कानपुर की ओर जा रहा एक ट्रक को मदार्पुर हाइवे मंगल ढाबा के पास चेकिंग दौरान प्रतिबंधित मांगुर मछलियां पाई गईं। आरोपी ट्रक के अंदर पानी भरकर मछलियों का बीज कोलकाता से हरियाणा करनाल ले जा रहे थे। पुलिस ने ट्रक चालक समेत 3 को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी श्रावण कुमार ने बताया कि पकड़ी गई मछली की जांच मत्स्य विभाग के अधिकारी कर रहे हैं।पुष्टि के बाद कार्रवाई की जाएगी।मत्स्य विकास अधिकारी शीला सिंह ने बताया कि बीस टन पानी मे छह टन मछली अनुमान लगाया गया है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2000 में मांगुर मछली पर प्रतिबंध लगाया था। इसके बाद जनवरी 2019 में एनजीटी ने अधिकारियों को छापेमारी कर मछली पालन रोकने के निर्देश दिए थे।

इसलिए खतरनाक है मांगुर मछली : मांगुर मछली मांसाहारी है। यह इंसानों का मांस खाकर बढ़ जाती है। मछली पालक अधिक मुनाफे के चक्कर में तालाबों और नदियों में प्रतिबंधित थाई मांगुर को पाल रहे हैं। यह मछली चार महीने में ढाई से तीन किलो तक तैयार हो जाती है। जो बाजार में करीब सौ रुपए किलो बिकती है। इस मछली में 80 फीसदी लेड और आयरन के तत्व पाए जाते हैं। इस मछली की खास बात यह है कि यह किसी भी पानी (दूषित पानी) में तेजी से बढ़ती है। मांगुर छोटी मछलियों समेत यह कई अन्य जलीय कीड़े-मकोड़ों को खा जाती है। इससे तालाब का पर्यावरण भी खराब हो जाता है।

विद्याधीशानन्द गिरि बने परमानन्द आश्रम के महंत

विधि विधान से हुआ पट्टा अभिषेक

अखंड भारत संदेश

झूंसी। झूंसी स्थित परमानंद आश्रम का महंथ विद्याधीशानन्द गिरि को बनाया गया। गुरुवार को उनका विधि विधान से पट्टा अभिषेक किया गया। महंथ श्री 108 स्वामी शारदानन्द गिरि महाराज के ब्रह्मलीन के बाद विद्याधीशानन्द गिरि गद्दी को उत्तराधिकारी माना गया। गुरुवार को आश्रम की और से इसकी घोषणा की गई। स्वामी विद्याधीशानन्द गिरि महाराज का दशनाम सन्यास पराम्परा के अनुसार चादर विधि का कार्यक्रम अखाड़ों, आश्रमों के संत महात्मा के साथ परमानन्द आश्रम ट्रस्ट के सदस्यगणों, भक्तगणों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। चादर विधि कार्यक्रम सन्यास परंपरानुसार पूरे विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न किया गया। इस दौरान फूल मालाओं के साथ महंतई चादर की रस्म अदा की गई। जिसके बाद भंडारे का कार्यक्रम हुआ। पट्टा अभिषेक से पहले स्वामी विद्याधीशानन्द आश्रम में स्थित ब्रह्मलीन श्री 108 स्वामी शारदानन्द गिरि की समाधि का पूजन किया गया। परमानन्द आश्रम के उपाध्यक्ष स्वामी शरद पुरी ने आश्रम में किये जा रहे कार्यों का विवरण दिया और सदस्यों से सुझाव प्राप्त किये। कार्यक्रम में फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल, स्वामी ओंकार गिरि, स्वामी ब्रह्मानन्द, स्वामी परमेश्वरानन्द, स्वामी जगदीश्वरा नन्द, स्वामी शरद पुरी के साथ वेद विद्यालय के प्राचार्य, वेदाध्यापक गण, वैदिक छात्रगण, स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के लिए शहर कांग्रेस ने नियुक्त किये प्रभारी

प्रयागराज। अ.भा. कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर पूरे देश में चलाए जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत शहर कांग्रेस ने संचालन समिति बनाई है। जिसमें शहर कांग्रेश कमेटी के पदाधिकारियों एवं कांग्रेसजनों को शामिल किया गया है। यह कमेटी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत एक टोली बनाकर शहर के सौ वार्डो में घूमेगी तथा लोगों के घरों में जाकर राहुल गांधी के संदेश को पहुंचाने का काम करेंगी। संचालन समिति का शहर प्रभारी शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद असलम को बनाया गया है। इसके अलावा विभिन्न वार्डो के लिए वार्ड का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिसमें सर्वश्री राजकुमार शुक्ला, बैजयंत मिश्रा , संजय सिंह, राम मनोरथ सरोज, प्रवीण सिंह भोले, अरविंद सिंह तोमर, रंजन प्रजापति, शादाब अहमद, नीरज पाल, फहीम खां, राजीव रंजन, श्रीमती रचना पांडेय, ऋषभ पांडेय, अभिनव पांडे, अखिलेश वार्ष्णेय , राजेश यादव, अरुण सिंह परिहार, अनिल कुशवाहा, रविंद्र रवि, डॉ विनोद दीक्षित, राजकुमार कुशवाहा, परमेश्वर चौधरी, अशोक सिंह, विनय पांडेय, श्याम जी शुक्ला,मानस शुक्ला, आशीष यादव, विशाल सोनकर, राकेश पाठक, रेयाज अहमद, मोहम्मद सईद, मोहम्मद हसीन, मोहम्मद इरफान, नफीस कुरेशी, दिनेश अंबेडकर, अंजुम नाज, प्रदीप वर्मा, राकेश श्रीवास्तव, नयन कुशवाहा, नागेंद्र मिश्रा, अनूप त्रिपाठी, दिलावर हुसैन, सतीश केसरवानी, नुरुल कुरेशी, इरशाद उल्लाह, अब्दुल कलाम आजाद, मोहम्मद अजमल राजू, मोहम्मद हामिद वारसी, अरशद अली, अनूप सिंह, मेराज उल हक गुल्लू गांधी, दत्तात्रेय त्रिपाठी, सौरभ श्रीवास्तव, गुलाब यादव, इश्तियाक अहमद, आदि शामिल हैं। इस अभियान की शुरूआत नैनी से की जा चुकी है तथा झूसी क्षेत्र के वार्डो में भी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है।

सिविल डिफेन्स के बेसिक वार्डेन रिफ्रेशर ट्रेनिंग सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सिविल डिफेन्स प्रयागराज के कन्ट्रोल रूम में 20 फरवरी से 22 फरवरी तक चले प्रशिक्षण बेसिक वार्डेन रिफ्रेशर कोर्स में सिविल डिफेंस के चयनित सीनियर वार्डेन ने प्रतिभाग किया। यह प्रशिक्षण उपनियन्त्रक नरेन्द्र शर्मा जी व वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक राकेश कुमार तिवारी ने दिया जिसमे सिविल डिफेंस के उद्देश्य, केंद्र, प्रदेश स्तर पर विभागीय संरचना,वार्डन के पदानुक्रम, हवाई हमले के समय जन मानस की सुरक्षा के लिये अपनायी जाने वाली पद्धतियां,आग से बचाव,हाउस होल्ड रजिस्टर, रिपोर्टिंग चौकियों के कार्य,आपदा में सिविल डिफेंस की भूमिका जैसे विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। तथा मॉकड्रिल कर प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपराँत जादातर वार्डनो ने अपने फीडबैक मे कहा ईस प्रकार का प्रशिक्षण सभी वार्डन के लिए बहुत उपयोगी है वही डिप्टी डिविजनल वार्डेन नगर राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकानजी ने उपनियन्त्रक महोदय से मांग की ईस तरह का प्रशिक्षण पांचो प्रखण्ड मे हर 15 दिन में देने से जादातर स्वयसेवक हर प्रकार की जानकारी से लाभवान्वीत होगे जिससे हर परिस्थिति में सासन प्रसासन एन डि आर एफ एस डी आर एफ के हर कार्य के लिए हर समय तैयार रहेगे अंत में उपनियन्त्रक नरेंद्र शर्मा व राकेश कुमार तिवारी-वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले वार्डन्स राजीव भनोट,श्रीकृष्ण तिवारी,रौनक गुप्ता, राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकान जी, सुधीर चंद्र द्विवेदी, आशीष बाजपेयी, सुरेन्द्र कुमार यादव,अजय कुमार सिंह, रेनू श्रीवास्तव, मनी मेहरा, शैलेन्द्र कुशवाहा, वसीम अहमद सिद्दीकी व राशिद सगीर को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।उक्त प्रशिक्षण में उप नियंत्रक कार्यालय के स्टाफ अरविन्द कुमार गौतम, दीपक व रविनेश कुमार ने सहयोग प्रदान किया यह जानकारी दुकानजी ने दिया है।

दिव्यांग विवेक से अभद्रता करने वाला रोडवेज के कंडक्ट को अगले आदेश तक ड्यूटी पर रोक

प्रयागराज। दिव्यांग विवेकमणि से दुर्व्यवहार के मामले को रोडवेज ने गंभीरता से लिया है। दिव्यांक विवेक से अभद्रता करने वाले रोडवेज बस कंडक्टर को रूट ऑफ कर दिया है। साथ ही अगले आदेश तक उसको ड्यूटी देने पर रोक लगा दी है। विवेकमणि ने अधिकारियों को पत्र भेजकर कंडक्टर की शिकायत की थी।बता दें कि प्रयागराज के परेड ग्राउंड में 29 फरवरी 2020 को आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में जिस दृष्टिबाधित दिव्यांग शख्स ने पीएम मोदी के साथ सेल्फी ली थी, वही युवक बुधवार को रोडवेज के एक कंडक्टर के दुर्व्यवहार का शिकार हो गया। सिविल लाइंस बस स्टेशन पर विवेकमणि ने बस में दिव्यांग की सीट की मांग की तो उसे धक्का देकर गिरा दिया।इस मामले की विवेक ने एआरएम से लिखित शिकायत भी की है। दरअसल लालगोपालगंज निवासी विवेकमणि त्रिपाठी बुधवार सुबह सिविल लाइंस बस स्टेशन पहुंचे। वहां वह प्रयाग डिपो की बस (यूपी 70 ईटी 9561) में सवार हुए। इस दौरान उन्होंने कंडक्टर से दिव्यांग सीट की मांग की। विवेक का आरोप है कि सीट मांगने पर कंडक्टर ने उनके साथ बदतमीजी की और धक्का देकर बस से बाहर कर दिया।

अफसरों से की शिकायत : धक्का देने से सड़क पर गिरे विवेक को कुछ लोगो ने सहारा देकर उठाया। चोटिल हुए विवेक ने इस घटना की जानकारी रोडवेज के अफसरों को दी है। विवेक से एआरएम प्रयाग को लिखे शिकायती पत्र में भी इसका उल्लेख किया। उनके अनुसार उन्हें काफी चोट भी आई। पत्र में कंडक्टर का नाम शिव शंकर यादव बताया है। साथ ही विवेक ने कंडक्टर के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है।

> किसी भी तरह का अमानवीय कृत्य बर्दाश्त नहीं है। इस मामले की जांच एआरएम प्रयागराज को सौंपी गई है। उनकी रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।
> **- एमके त्रिवेदी, क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपी रोडवेज प्रयागराज परिक्षेत्र।**

कार्यालय ग्राम पंचायत हर्रई, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2022-23 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक : 23.02.2023

ग्राम पंचायत **हर्रई** में वित्तीय वर्ष 2022–23 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/ चतुर्थ राज्य वित्त/15 वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **हर्रई** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 24–02–2023 से दिनांक 13–03–2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 14–03–2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 14–03–2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश	कार्य पूर्ण की अवधि
1.	ग्राम पंचायत में राकेश मिश्रा के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य 150 मी.	5.00 लाख	1 माह
2.	प्राथमिक विद्यालय हर्रई में कायाकल्प कार्य	6.00 लाख	1 माह
3.	पूर्व माध्यमिक विद्यालय हर्रई में कायाकल्प कार्य	8.00 लाख	2 माह

विजय शंकर तिवारी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हर्रई
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

रामरूप सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत हर्रई
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

मोरंग से लदी ओवरलोड ट्रक का नवाबगज पुलिस ने किया चालान, ट्रक चालकों में मचा हड़कम्प

परियावां, प्रतापगढ़। प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे से जुड़ा परियावां लवाना मार्ग पर इन दिनों अवैध रूप से मोरंग से लदी ओवरलोड़ ट्रकों का संचालन तेजी से हो रहा है गुरुवार को नवाबगज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी अपने हम राही के साथ थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान पाइकगंज बाजार परियावां में दोपहर लगभग 2 बजे बिना आगे पीछे नम्बर प्लेट की मोरंग से लदी ओवरलोड़ ट्रक को रोककर उसका ऑन लाइन चालान किया मजे की बात यह भी देखने को मिला कि ट्रक के आगे व पीछे नम्बर प्लेट भी नही लगा था। थाना प्रभारी के पूछने पर नम्बर प्लेट केबिन से लाकर लगाने लगा जिस पर थाना प्रभारी ने मना कर दिया। इसी प्रकार पिछ्ले सप्ताह परियावां बाजार में नवाबगज थाना प्रभारी ने मोरंग से लदी ओवरलोड़ ट्रक को पकड़ा था।

युवा अपनी प्रतिभा से प्रदेश व देश में रोशन करें नामः हरिप्रताप सिंह

जिला स्टेडियम में नेहरू युवा केंद्र द्वारा दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। युवा अपनी प्रतिभा से प्रदेश व देश में नाम रोशन करें। यह विचार पूर्व विधायक नगर पालिका अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने आज जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर रहे थे।

पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच युवाओं की प्रतिभा को खेल व शिक्षा के माध्यम से निखरे इस दिशा में सफलता मिल रही है। उन्होंने प्रारंभ में 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता के प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया। नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी रोशनलाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष वरुण प्रताप सिंह, पूर्व सहायक सूचना निदेशक आरबी सिंह ने कबड्डी तथा फुटबॉल टीम के प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किया तथा खिलाड़ियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केंद्र विनय कुमार मिश्रा ने किया। कबड्डी में पट्टी विजेता व कालाकाकर उपविजेता, बॉलीबॉल में लक्ष्मणपुर विजेता तथा गौरा उपविजेता रही।

विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देते पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह।

दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग 100 मीटर में मोहम्मद राशिद प्रथम, मोहम्मद अरमान, दूसरा स्थान प्रिंस यादव तृतीय ,200 मीटर बालिका वर्ग में वर्षा सिंह प्रथम स्नेहा पाल दूसरा स्थान स्थान, आंचल शुक्ला तीसरा स्थान प्राप्त किया 800 मीटर बालिका वर्ग में वर्षा सिंह प्रथम स्नेहा पाल दूसरा स्थान, आंचल शुक्ला तीसरा स्थान प्राप्त किया 400 मीटर बालक वर्ग में प्रथम लवकुश कुमार द्वितीय इरफान पठान तीसरा स्थान 1600 मीटर में राजकुमार प्रथम आशीष पटेल दूसरा स्थान पवन पांडे तृतीय रहे इस अवसर पर रेफरी जंग बहादुर सिंह, राम सजीवन वर्मा ,आजाद ,सूर्य देव पाण्डेय को भी पुरस्कृत किया गया राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रश्मि मिश्रा कविता गौतम प्रियंका सिंह राज यादव बलराम कश्यप सर्वेश सिंह शिव शंकर तिवारी अभिषेक पांडे नमन कुमार तिवारी को भी पुरस्कार दिया गया कार्यक्रम के सफल आयोजन में नेहरू युवा केंद्र के जिला परियोजना अधिकारी शिवम यादव जिला प्रशिक्षक विश्वजीत प्रताप सिंह पूर्व एनवाईवी श्याम नारायण पटेल आदि लोगों का विशेष योगदान रहा।

अफसरों की फौज स्टेशन पर पानी नदारद, खड़ी हो गई सीढ़ी

अधिकारियों के आने पर ही जागते हैं जिम्मेदार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। एनआई की हकीकत जानने लखनऊ मंडल के अधिकारी गुरुवार को प्रतापगढ़ में थे। उनके आने पर स्टेशन से पानी नदारद हो गया। बिजली वाले सीढ़ी लगाकर काम शुरू कर दिए। सारी कसर एक ही बार में निकाल दी।

हुआ यूं कि सीनियर डीओएमजी सिद्धार्थ वर्मा सुबह सुबह प्रतापगढ़ पहुंचे। उनके साथ अन्य अधिकारी भी थे। वे वीआईपी लाउंज में थे। तभी पता चला कि स्टेशन का पानी खतम हो गया है। हालांकि उन लोगों का काम चल गया। उनके जाने के बाद टंकियों में सूखा पड़ गया। एसएस और उनके मातहत आईओडब्लू को लगे फोन करने। पता चला कि टंकी से आपूर्ति बंद है। पानी खोलने वाला मैन गायब है। फोन के कुछ देर बाद पानी आ गया। चर्चा है कि जब अधिकारी को आना होता है तभी स्टेशन की कमियों को सुधारा जाता है। बिजली वालों को पता चला कि उनके आका आने वाले है। सीढ़ी लगाकर कर्मचारी कमियों को ठीक करने लगे। अगर यही कमी पहले दूर कर लें तो कोई समस्या ही नहीं है। अक्सर देखा गया है कि वॉलमैन टंकी से पानी नही खोलता है।

शहर में चले संयुक्त अभियान में पांच किलो प्लास्टिक व थमाकील बरामद

पांच ठेलेवालों व दो दुकानदारों से 1600 रुपये की हुई वसूली

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रायबरेली एवं नगर पालिका प्रषासन द्वारा संयुक्त रुप से सिंगल यूज प्लास्टिक के विरोध में शहर में संयुक्त अभियान चलाया गया जिसमें पांच ठेलेवाले तथा दो दुकानदारों के यहां पांच किलोग्राम प्लास्टिक व थमाकोल बरामद हुआ जिनसे 1600 रुपये का जुमार्ना भी वसूला गया।

गुरुवार को अपरान्ह लगभग दो बजे रोडगैंग की गाड़ी पर प्लास्टिक के विरुद्ध चलाये जाने वाले अभियान का बैनर लगाकर माइक से यह बताया गया कि प्लास्टिक का उपयोग गैर कानूनी है जिसके विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस चेतावनी के बाद भी पांच ठेलेवाले व दो दुकानदार के यहां से सिंगल यूज प्लास्टिक व थमाकोल बरामद हुआ तो नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों व नगर पालिका के अधिकारियों ने कार्यवाही करना शुरू किया। यह संयुक्त अभियान शहर में कम्पनी बाग से जिला कचहरी होते हुए मीरा भवन तक गया। गुरुवार को अपरान्ह लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस अभियान में उत्तर प्रदेष प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रायबरेली के राजेष गौतम, अंकित पाठक के अलावा नगर पालिका प्रतापगढ़ के स्वच्छ भारत मिषन के डीपीएम वरुण कुमार सिंह, जिला समन्वयक आषीष मिश्रा, आरआई लाल बहादुर सिंह, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह शामिल रहे।

ठेलेवाले की दुकान पर जांच करते अधिकारी।

किशोरी के अपहरण को लेकर केस

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ बुधवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के केशवपुर निवासी बदलूराम कोरी के पुत्र सुशील कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्कीस फरवरी को दोपहर उसकी चैदह वर्षीय पुत्री आंचल को आरोपी घर से जबरिया भगा ले गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बहराईच जिले के गिरगिट्टी बाजार निवासी सुशील कुमार के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। पीड़ित ने तहरीर में नाबालिग बेटी के साथ अप्रिय वारदात की भी आशंका जताई है।

महात्मा गांधी विकल्प नहीं, संकल्प थेः निदेशक

साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में हुई संगोष्ठी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज के सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए गाँधी शान्ति प्रतिष्ठान नई दिल्ली के निदेशक रमेश चन्द्र शर्मा ने गाँधी और युवा विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि गाँधी विकल्प नहीं संकल्प थे। उन्होने बताया कि महात्मा गाँधी को महात्मा शब्द से सर्वप्रथम नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने सम्बोधित किया था और सुभाष चन्द्र बोस को नेता जी की उपाधि महात्मा गाँधी ने दिया था। दोनो के मार्ग अलग होते हुए भी लक्ष्य एक था।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ0 अर्जुन पाण्डेय ने बताया कि गाँधी की विचारधारा एक सम्पूर्ण जीवन दर्शन है और जीवन को सरल बनाती है। सत्य और अहिंसा ऐसे मार्ग है जिन पर चलकर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। निर्भीकता जीवन का ऐसा सत्य है जो बड़े से बड़े अवरोध को दूर करने में सक्षम है। अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद के निवर्तमान अधिष्ठाता शिक्षा संकाय डॉ0 एस0पी0 त्रिपाठी ने कहा कि साकेत महाविद्यालय छात्राओं के सवार्गीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आज इसी क्रम में रमेश चन्द्र शर्मा एवं डॉ0 अर्जुन पाण्डेय का साकेत परिवार स्वागत करता है। अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव ने साकेत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की ओर अतिथि द्वय के जीवन परिचय से छात्राओं को अवगत कराया और उनका अनुकरण करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन अनन्त प्रकाश शुक्ल द्वारा किया गया और संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाईयों के कार्यक्रमाधिकारियों द्वारा किया गया।

निदेशक रमेश चंद्र का स्वागत करते प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव।

कांग्रेस के 85वें अधिवेशन में शामिल होंगे नीरज त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। कांग्रेस के 85वें अधिवेशन में शामिल होने के लिए प्रयागराज स्टेशन पर सारनाथ एक्सप्रेस से निकले यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस सदर विधानसभा प्रतापगढ़ एवं सदस्य पी.सी.सी डॉ. नीरज त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 85वां अधिवेशन आगामी 24 से 26 फरवरी 2023 तक शहीद वीर नारायण सिंह नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जा रहा है जिसमें देश के सभी ए.आई.सी.सी सदस्यों, पी.सी.सी सदस्यों (निर्वाचित एवं सहयोजित प्रतिनिधि)जिला अध्यक्षों एवं शहर/नगर अध्यक्षों को 24 फरवरी की शाम तक रायपुर पहुंचने का आग्रह किया गया है ताकी वह 25 एवं 26 फरवरी को प्रतिनिधि सत्र में भाग ले सके।

जबरन कब्जे की शिकायत पुलिस अधीक्षक से

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पड़ोसी आरोपियों द्वारा जबरन कब्जा करने तथा मारपीट करने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। कंधई थाना अंतर्गत नहवा इटवा गांव के बृजपाल वर्मा का कहना है कि उनकी जमीन पर उनके पड़ोसी आधा दर्जन लोग जबरन कब्जा कर रहे हैं। मना करने पर मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। कन्हई थाने पर शिकायती पत्र देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है।

पद्मावत ट्रेन के एसी कोच में सफर कर रही महिला के गहने और नकदी हुए चोरी

जीआरपी में तहरीर देकर टीटीई पर मढ़ा लापरवाही का आरोप

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। यात्रियों को बिना टिकट ट्रेन में सफर कराकर उसके एवज में मोटी रकम वसूल करने का टिकट चेकिंग स्टाफ का (टीटीई) गोरखधंधा बंद नहीं हो रहा है। इनकी यह करतूत टिकट लेकर चलने वाले यात्रियों पर भारी पड़ रही है, क्योंकि बिना टिकट यात्रियों में चोर उचक्के भी शामिल होते हैं।

जो मौका पाकर यात्रियों का सामान लेकर चंपत हो जाते हैं। गुरुवार को दिल्ली से प्रतापगढ़ आ रही पदमावत एक्सप्रेस के एसी कोच बी टू में सफर कर रही महिला का बैग चोरी हो गया। जिसमें डेढ़ लाख के गहने और चार हजार नकद था। जीआरपी को दी गई तहरीर में महिला ने टीटीई पर बिना टिकट यात्रियों का सफर उसी एसी कोच में कराने का आरोप लगाया है। उसको शंका है कि उन्हीं यात्रियों की यह करतूत है। उसने पुलिस वालों से कार्रवाई की मांग की है। पूर्वी दिल्ली पंचशील गार्डेन नवीन शाहदरा की पूर्णिमा सिंह पत्नी डाक्टर रामकुमार सिंह का प्रतापगढ़ आ रही पदमावत एक्सप्रेस के एसी कोच बी टू में 25 और 28 नम्बर बर्थ पर आरक्षण था। वे दहिलामऊ आ रही थी। उनका आरोप है कि लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेशन पर उनका बैग चोरी हो गया, जिसमें सोने की चेन और झुमका के अलावा चार हजार नकद था। प्रतापगढ़ में उतरने के बाद उन्होंने जीआरपी थाने में घटना की तहरीर दी है। जिसमें उन्होंने टीटीई पर बिना टिकट यात्रियों को बीटू कोच में सफर कराने का गम्भीर आरोप लगाया है। पूर्णिमा की मानें तो घटना टीटीई की लापरवाही से हुई है। उनका यह भी आरोप है कि उन्होंने रास्ते में उच्च अधिकारियों को इस बारे में बताया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

गहने व नकदी की चोरी का शिकार हुई ट्रेन में सफर कर रही महिला।

बिना टिकट यात्रियों का मामला पहले से सुर्खियों में है

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पद्मावत एक्सप्रेस में बिना टिकट यात्रियों से पैसा लेकर यात्रा कराने वाले टीटीई का एक ग्रुप हैं, जो रास्ते में इस तरह की करतूत करते हैं। कुछ महीने पहले भी इसी ट्रेन में टीटीई द्वारा पैसा लेकर बिना टिकट यात्रियों को सफर कराने का मामला सुर्खियों में आया था, जिसके संबंध में जीआरपी बरेली सिपाही द्वारा टीटीई के खिलाफ लिखित शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई थी। जिसमें स्टाफ की बड़ी फजीहत हुई थी। यह दूसरा इस तरह का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि ये मामले शिकायत वाले हैं जो खुल गए, जिनकी शिकायत नहीं होती है। उनकी संख्या अनगिनत है।

गम्भीर रूप से झुलसी किशोरी की हालत नाजुक, आधा दर्जन के खिलाफ केस

तीन आरोपियों से पूछताछ पर घटना की हकीकत खंगालने में जुटी खाकी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने से भाई की डांट से क्षुब्ध किशोरी के जल जाने को लेकर पुलिस महकमा घटना के दूसरे दिन भी हलाकान दिखा। जहां गम्भीर रूप से झुलसी किशोरी की प्रयागराज मेडिकल कालेज में दूसरे दिन गुरूवार को भी हालत गम्भीर बनी हुई है। वहीं पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने के प्रयास, छेड़छाड़, बलवा व आईपी एक्ट की गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। झुलसी किशोरी के नाबालिग होने के कारण मुकदमें में पास्को एक्ट की भी धारा पुलिस ने शामिल की है। घटना को लेकर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ में भी जुटी हुई है।

लालगंज कोतवाली के जेवई में बुधवार की सुबह पांच बजे किशोरी ने छत पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाकर जान देने का प्रयास किया। आनन फानन में पुलिस झुलसी किशोरी को ट्रामा सेंटर से रेफर होते ही प्रयागराज मेडिकल कालेज इलाज के लिए ले गयी। वहां सूत्रों के मुताबिक झुलसी किशोरी की हालत बेहद गम्भीर व नाजुक बनी हुई है। इधर पीड़िता किशोरी की मां फूलजहां पत्नी मो0 सोनू निवासिनी डगरा पीथमपुर थाना संग्रामगढ़ की तहरीर पर लालगंज पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ बुधवार की रात केस दर्ज किया है। तहरीर में पीड़िता ने कहा है कि मुकदमें की रंजिश को लेकर आरोपियों ने एक राय होकर उसकी पुत्री शिवानी बानो का अश्लील वीडियो इक्कीस फरवरी को वायरल कर दिया। जिससे पीड़िता की पुत्री दुःखी हो गई और आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर डगरा पीथनपुर निवासी खुशियाल के पुत्र बाबू उर्फ हारून व लल्लू तथा बाबू उर्फ हारून के पुत्र मो0 शाबिर व मो0 कादिर एवं लल्लू के पुत्र अजीम तथा फिरोज के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। घटना को लेकर पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में ले भी लिया है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ में जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है केस दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

मोरंग से लदी ओवरलोड ट्रक का नवाबगज पुलिस ने किया चालान, ट्रक चालकों में मचा हड़कम्प

परियावां, प्रतापगढ़। प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे से जुड़ा परियावां लवाना मार्ग पर इन दिनों अवैध रूप से मोरंग से लदी ओवरलोड़ ट्रकों का संचालन तेजी से हो रहा है गुरुवार को नवाबगज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी अपने हम राही के साथ थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान पाइकगंज बाजार परियावां में दोपहर लगभग 2 बजे बिना आगे पीछे नम्बर प्लेट की मोरंग से लदी ओवरलोड़ ट्रक को रोककर उसका ऑन लाइन चालान किया।

सई में डूबने से हुई थी वृद्ध की मौत

पीएम रिपोर्ट से खाकी को मिला सकून

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सई नदी में बीमारी से तंग आकर छलांग लगाकर आत्म हत्या की घटना में पीएम रिपोर्ट में वृद्ध की मौत डूबने से बतायी गयी है। वहीं पीएम रिपोर्ट में मृतक के शव पर किसी भी प्रकार के चोट न होने की भी पुष्टि हुई है। इधर बुजुर्ग की मौत को लेकर परिजनों में गुरूवार को भी मातम का माहौल दिखा। हालांकि पीएम रिपोर्ट के मिल जाने से पुलिस को राहत जरूर हुई है।

लालगंज कोतवाली के रायपुर तियाई निवासी अलगू सरोज (60) का शव बुधवार को दिन में सई नदी के कैथौला धोबियन का पुरवा घाट पर उतराया मिला था। अलगू की मौत की जानकारी होते ही परिजन वहां पहुंचे और रोने बिलखने लगे। पुलिस ने शव के रस्सी में बंधे होने को लेकर कब्जे में लेकर पीएम के लिए भिजवा दिया। साइकिल पंचर बनाने का छोटा रोजगार करने वाले अलगू को इधर तीन चार महीने से बीमारी के कारण मानसिक तनाव में बताया जा रहा था। घाट पर कुछ लोग दबी जुबान से शव के रस्सी में बंधे होने को लेकर हत्या की भी आशंका जता रहे थे। ऐसे में पुलिस ने शव का पीएम करवाया। वहीं यह भी कयास लगाया जा रहा देखा गया कि बीमारी से तंग वृद्ध ने खुद की शरीर को रस्सी से बांधकर सई में छलांग लगाई ताकि वह परेशान जिन्दगी से पूरी तरह मुक्ति पा सके। मृतक की एक बेटी और एक बेटे का भी विवाह नहीं हुआ है।

जरूरतमंद को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं का योगदान महत्वपूर्णः एसडीएम

तहसील सभागार में हुई बार बेंच की समन्वय बैठक में समस्याओं को लेकर मंत्रणा

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय तहसील सभागार में गुरूवार को बार एवं बेंच की हुई समन्वय बैठक में एसडीएम ने अधिवक्ताओं से अदालती कामकाज को सुचारू बनाये रखने को लेकर सहयोग मांगा। उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि वादकारियों को शीघ्र न्याय मिल सके, तभी बार एवं बेंच के पूर्णन्याय के लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा।

नवागांतुक एसडीएम उदयभान सिंह ने वकीलों को भरोसा दिलाया कि जन समस्याओं के निस्तारण में शिकायतों को तहसील प्रशासन गंभीरता से लेते हुए पीड़ित की अपेक्षा पर खरा उतरेगा। एसडीएम ने तहसील में न्यायिक तथा प्रशासनिक कामकाज के वातावरण में तेजी लाए जाने के साथ यह भी कहा कि वकीलों के मान सम्मान तथा उनकी समस्याओं के हल कराए जाने को लेकर सदैव प्राथमिकता दी जाएगी। एसडीएम न्यायिक तनवीर अहमद ने भी बार एवं बेंच के मजबूत समन्वय को जन समस्याओं के निस्तारण का मजबूत आधार ठहराया। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने तहसील में साफ सफाई तथा जन सुविधाओं को सुदृढ़ बनाये जाने पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने अफसरों को अधिवक्ताओं तथा वादकारियों से जुड़ी प्राथमिकताएं गिनाई। संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी तथा उपाध्यक्ष बीके तिवारी ने किया। पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, रामलगन यादव, अजय शुक्ल गुड्डू, विनोद मिश्र, ने अपने संबोधन में न्यायिक सुचिता को लेकर सुझाव सौंपे। इस मौके पर दिनेश मिश्र, कमाल अहमद, विपिन शुक्ल, प्रमोद सिंह, दीपेन्द्र तिवारी, सुशील शुक्ल, अनिल मिश्र, शिवाकांत शुक्ल, घनश्याम सरोज, राजेश सरोज, सुरेश मिश्र मदन, सुमित त्रिपाठी, देशराज यादव, पारसनाथ सरोज, उदयराज पाल, ललित गौड़, घनश्याम संवरिया, भाष्कर शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

तहसील सभागार में बैठक को संबोधित करते एसडीएम उदयभान सिंह।

खबर संक्षेप

4 बच्चों की मां ने फांसी पर लटक कर दे दी जान

करारी कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के शाहपुर टिकरी गांव की एक विवाहिता ने बुधवार को फांसी के फंदे पर लटककर जान दे दी है विवाहिता के चार बच्चे हैं और विवाहिता के मौत के बाद बच्चे बिलाप कर रहे हैं विवाहिता के ससुर केशन लाल पासी पुत्र सुंदर लाल पासी ने करारी पुलिस को सूचना देकर बताया कि उसकी बहू गीता देवी उम्र लगभग 30 वर्ष पत्नी भीम सिंह ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घर से युवक हुआ लापता

कौशांबी मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कैनी गांव के मजरा तेजवापुर निवासी विजय सिंह उम्र 22 वर्ष पुत्र रामबली सिंह अचानक लापता हो गए हैं जिससे परिजन परेशान हो गए हैं परिजनों ने युवक को खोजने का प्रयास किया लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लग सका है युवक के पिता रामबली सिंह ने गायब युवक की तलाश में पोस्टर प्रकाशित कराकर जगह-जगह चिपकाया है और गुमशुदा की तलाश करने की अपील करते हुए खोजने वाले को आने-जाने खर्च वा इनाम देने की घोषणा की है पोस्टर में उन्होंने गुमशुदा युवक की हुलिया भी दिया है।

एमवी कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों की जिंदगी दांव में लगाकर वाहन चलाते हैं चालक

शराबी चालक की करतूत के चलते बाइक सवार समेत दर्जनो स्कूली छात्र गम्भीर घायल

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पूर्व विधायक वाचस्पति के एमबी कॉन्वेंट स्कूल एन्ड कालेज ओसा के वाहनों को चलाने में शराबी चालकों के कारनामे के चलते स्कूल के बच्चे सुरक्षित नहीं रह गए हैं गुरुवार की दोपहर स्कूली बच्चों को लेकर उनके घर छोड़ने जा रहा एमपी कॉन्वेंट स्कूल का मैजिक वाहन मंडी समिति ओसा के पास बाइक सवार से भिड़ गई मंझनपुर की तरफ से आ रहे बाइक सवार को बीच सड़क पर मैजिक चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया है बाइक सवार से मैजिक भिड़ंत के बाद चालक ने इतनी तेज ब्रेक मारी कि स्कूल के बच्चे मैजिक के अंदर फुटबॉल की तरह इधर-उधर लुढ़कने लगे जिससे कई बच्चों को भी चोट लगी है एमवी कन्वेंट स्कूल के वाहन के चालक की लापरवाही के चलते बाइक सवार दो लोग सड़क पर गिर पड़े हैं और गम्भीर घायल हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है स्कूल की मैजिक वाहन और बाइक की टक्कर लगने के बाद आसपास के लोगों का घटनास्थल पर जमावड़ा लग गया है दुर्घटना के बाद राहगीर भी घटनास्थल पर रुक गए हैं हादसे के बाद सड़क पर कई फिट दूरी तक खून बिखरा पड़ा था और मैजिक वाहन का शीशा चकनाचूर होकर कई मीटर तक बिखर गया था टक्कर के बाद बिखरा सीसा बच्चों को भी लगा है काफी देर तक सड़क में जाम जैसी स्थिति बनी रही शराबी चालक के चलते स्कूली बच्चों के जिंदगी पर संकट मंडरा रहा है लेकिन उसके बाद पूर्व विधायक के स्कूल के प्रधानाचार्य व मैनेजमेंट के लोग बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित नहीं दिखाई पड़ रहे हैं जबकि छात्रों के अभिभावकों से फीस के साथ वाहन शुल्क के नाम पर स्कूल प्रबंधक द्वारा मोटी रकम की वसूली की जाती है लेकिन स्कूली बच्चों की जिंदगी शराबी चालक के हाथ सौंप कर स्कूल प्रबंधक प्रधानाचार्य बंद कमरे में मौज करते हैं स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को अपने बच्चों की जिंदगी को सुरक्षित करने के लिए इस मामले से सीख लेने की जरूरत है।

दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़

उ.प्र. राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्यगण का प्रयागराज आगमन 24 फरवरी को

कौशाम्बी। निकायवार एवं अनुपातिक आरक्षण के बाबत समकालीन आख्या के लिए यदि किसी व्यक्ति/संस्था/पार्टी को अपना पक्ष प्रस्तुत करना है, तो वह लिखित/मौखिक आकन आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। कौशाम्बी उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्यगण महेन्द्र कुमार तथा संतोष कुमार विश्वकर्मा का आगमन जनपद प्रयागराज में 24 फरवरी को प्रस्तावित है। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी जयचन्द पाण्डेय ने देते हुए सूचित किया है कि जनपद कौशाम्बी में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व के सन्दर्भ में अनुभाविक जाँच एवं अध्ययन के साथ निकायवार एवं अनुपातिक आरक्षण के बाबत समकालीन आख्या के लिए यदि किसी व्यक्ति/ संस्था/ पार्टी को अपना पक्ष प्रस्तुत करना है, तो वह लिखित/ मौखिक आकन आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है, जिससे वास्तविक निष्कर्ष तक पहुँचा जा सके।

शराब भट्ठी पर कार्रवाई करती पुलिस

शराब कारोबारियों के ठिकानों पर पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही

चायल कस्बा में तीन क्विंटल नष्ट कराया गया लहन

चायल कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के चायल कस्बा में चौकी इंचार्ज ने शराब कारोबारियों के अड्डों पर छापेमारी की मौके पर 3 कुंटल लहन नष्ट कराया चौकी पुलिस की कार्यवाही की जानकारी मिलते ही शराब कारोबारी भाग खड़े हुए जिनकी तलाश पुलिस कर रही है पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव और चायल सीओ श्याम कांत के निर्देश में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अवैध शराब बना कर बेचने वालो पर चायल चौकी पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है चायल पुलिस चौकी के नए चौकी इंचार्ज मनोज तोमर ने आते ही जहरीली शराब बनाने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर दी है जिससे शराब कारोबारियों में दहशत का माहौल बन गया है बुधवार को चौकी पुलिस ने चायल कस्बा में दल बल के साथ शराब कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा और लगभग तीन क्विंटल लहन नष्ट करवाते हुए कार्यवाही की, पुलिस कार्यवाही की जानकारी मिलते ही शराब कारोबारी भाग खड़े हुए जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।

अपने दायित्वों एवं उद्देश्य के प्रति शिविरार्थियों को रहना चाहिए सचेत : प्राचार्य

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। महामाया राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य , राजकीय महाविद्यालय बबुआ फतेहपुर अरुण कुमार वर्मा ने शिविर का उद्घाटन किया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विनय कुमार सिंह प्राचार्य ,महामाया राजकीय महाविद्यालय ने किया प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुररारा ओसा, मंझनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम आयोजित किया गयाउद्घाटन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ अरुण कुमार वर्मा पूर्व प्राचार्य , राजकीय महाविद्यालय बबुआ फतेहपुर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। इसके उपरांत अंकिता ओझा गुंजन देवी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई । इसी कड़ी में प्राचार्य डॉ0 विनय कुमार सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत शिविरार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे-उठे प्रस्तुत किया गया इसी कड़ी में स्वागत गीत अभिषेक कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। गुलाबचंद जयसवाल प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुररारा, ने इस अवसर पर कहा कि शिविरार्थियों को किए गए अपने कार्यों का स्वयं में मूल्यांकन करना चाहिए, जिससे कि उनके कार्य करने में और अधिक निपुणता हासिल हो सके।इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ0 अरविंद कुमार द्वारा बौद्धिक एवं शारीरिक श्रम हेतु शिविरार्थियों का आवाहन किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को समझाया एवं इससे प्रेरित होने के लिए शिविरार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पवन कुमार द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा मुख्य अतिथि के सम्मुख प्रस्तुत की । राष?ट्रीय सेवा योजना राष?ट्र की युवा शक्ति के ०?यक?तित?व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसके गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है। इस अवसर पर अशोक मौर्य,प्रधान प्रति द्वारा शिविरार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सामाजिक सेवा को प्रेरित करने के लिए ऐसे शिविरों की और अधिक आवश्यकता है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ0 विनय कुमार सिंह, प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी ने इस अवसर पर कहा कि शिविरार्थियों को अपने दायित्वों एवं उद्देश्य के प्रति सचेत रहना चाहिए ।एनएसएस का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। डॉ अरुण कुमार वर्मा पूर्व प्राचार्य , राजकीय महाविद्यालय बबुआ फतेहपुर नेराष्ट्रीय सेवा योजना के लाभ राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र/छात्राओं को सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति प्ररित कर समाज सेवा का अवसर प्रदान करती है और उनके व्यक्तित्व को निखारने एवं भविष्य में उन्हें कर्त्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील तथा उपयोगी नागरिक के रूप में संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ0 अजय कुमार द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ अनिल कुमार , डॉ0 नीलम बाजपेई डॉ0 रीता दयाल ,डॉ भावना केसरवानी, डॉ पवन कुमार, डॉ तरित अग्रवाल, डॉ रमेश चंद्र,डॉ अमित शुक्ल डॉ संतोष कुमार डॉ शैलेश मालवीय अजय कुमार मानवेंद्र सिंह साहनी आदि लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य व अन्य तथा उपस्थित स्कूली बच्चे

एन एच आई के मुआवजे में हो रहा बड़ा खेल !

अखंड भारत संदेश

कोखराज कौशांबी। राष्ट्रीय राजमार्ग के सिक्स लेन चौड़ीकरण में किसानों को मुआवजा देने में बड़ा खेल शुरू हो गया है कुछ रुपयों के लालच में सरकारी नुमाइंदे ही सरकार को चूना लगाने में लगे हैं बताया जाता है कि राजू नाम के एक कर्मचारी दलाल और लेखपाल की सांठगांठ से तमाम लोगों के खतौनी में नलकूप आदि फर्जी दर्ज करके उन्हें मुआवजा देने के प्रयास शुरू हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सिराथू तहसील क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसे मलाक भायल ककोड़ा सहित कई गांव में दलालों के साथ मिलीभगत करके एनएचआई का राजू नाम का एक कर्मचारी सेटिंग करने में लगा है जिन किसानों के नलकूप की बोरिंग नहीं है उनके खेतों में भी फर्जी तरीके से नलकूप की बोरिंग दिखाकर बोरिंग का

लेखपाल दलाल और एक कर्मचारी की साठगांठ से सरकार को लगाया जा रहा बड़ा चूना

मुआवजा दिया जा रहा है एक किसान दो भाई हैं उनका एक भूमि में आधा का हिस्सा बटवारा है नलकूप नहीं लगा है लेकिन उसके बाद भी उनके मुआवजे में नलकूप का मुआवजा दिए जाने की रिपोर्ट दे दी गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग के मुआवजे में तमाम सरकारी संपत्तियों पर गलत लोगों का कब्जा दिखाते हुए गलत लोगों के नाम लेखपाल की सांठगांठ से फर्जी तरीके से दर्ज कर उन्हें मुआवजा दिलाने की भी तैयारी उक्त कर्मचारी के माध्यम से शुरू हो गई है राष्ट्रीय राजमार्ग के मुआवजे में हेराफेरी के प्रकरण की डीएम ने जांच कराई तो राष्ट्रीय राजमार्ग के कर्मचारी दलाल और लेखपाल के कारनामे उजागर होना तय है।

होंडा लाया है टू व्हीलर तकनीक में क्रांती

अब एक्टीवा स्कूटर स्मार्ट के अर्थात रिमोट द्वारा चलेगी

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। श्री रमेश होण्डा शोरूम मंझनपुर कौशाम्बी में होण्डा एक्टीवा एच स्मार्ट की लांचिंग हुई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कौशाम्बी जनपद के एआरटीओ तारकेश्व मल के साथ ही शोरूम डायरेक्टर रमेश अग्रहरि (प्रांतीय महामंत्री उ प्र उद्योग व्यापार मण्डल , सौरव अग्रहरि गौरव अग्रहरि ने एक्टीवा एच स्मार्ट गाड़ी का अनावरण किया श्री रमेश होण्डा के जनरल मैनेजर विकास अग्रहरि ने होण्डा एक्टीवा के विभिन्न फीचर के बारे मे बताया कि अब होण्डा एक्टीवा एच स्मार्ट स्मार्ट के के द्वारा चलेगी। नए मॉडल की जानकारी देते हुए जनरल मैनेजर ने बताया कि जिसमे तीन मॉडल की गाड़ियां अब उपलब्ध होगी एक्टीवा एसटीडी एक्टीवा डीलक्स एक्टीवा एच स्मार्ट स्मार्ट के,फ्यूल इफि सीयंत टायर्स, ऐलॉय व्हील्स जैसे नये फीचर्स है कार्यक्रम में संजय,अरविंद, अखिल, राजकरन, गोपाल, नौरातन, मनीष आदि लोग उपस्थित रहे

एक्टिवा बाइक लांच करते एआरटीओ वा डायरेक्टर रमेश अग्रहरि

किसके संरक्षण में जिले में पल रहा है जिला बदर अपराधी जांच का विषय

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के डेढ़ावल गांव के ज्ञान सिंह व उसके लडके लाल बाबू सिह व आनंद सिंह की गुण्डई की रिपोर्ट थाना अध्यक्ष पश्चिम शरीरा ने गुंडा एक्ट अधिनियम के तहत जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित किया था मुकदमा वाद संख्या 811 सन 2022 गुंडा नियंत्रण अधिनियम की सुनवाई करते हुए 25 जनवरी 2023 को जिला अधिकारी ने ज्ञान सिंह को व उसके दोनो लडको को 6 महीने के लिए जिला बदर का आदेश पारित कर दिया था लेकिन जिले का गुंडा जिला नहीं छोड़ना चाहता है जिला अधिकारी द्वारा दिए गए आदेश के बाद भी जिला बदर का आदेश इस गुंडे को जिला छोड़ने पर विवश नहीं कर सका है जिलाधिकारी ने अपने आदेश में स्पष्ट लिखा है कि वह किस जिले के किस स्थान पर रह रहा है इसकी लिखित सूचना देनी होगी लेकिन इसके बाद भी जिला बदर व्यक्तियों द्वारा जिले में निवास कर आतंक उत्पात गुण्डई खुलेआम की जा रही है जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जिला बदर किए गए व्यक्ति द्वारा शुक्रवार की रात फिर गांव की महिलाओं को गाली गलौज और धमकी देकर उत्पीड़ित किया गया है इलाके के लोगों ने थाना पुलिस की लापरवाही पर जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जिला बदर किए गए गुंडा पर फिर कार्यवाही की मांग करते हुए उसे जिला बदर करने की मांग की है।

जिला बदर अपराधी का कहना है कि हम तो डीएम के कहने से नहीं छोड़ेंगे जिला, जिला बदर किए गए व्यक्ति द्वारा शुक्रवार की रात फिर गांव की महिलाओं को गाली गलौज और धमकी देकर उत्पीड़ित किया गया

"गुंडा"

न्यूज झरोखा

बिभिन्न मांगों को लेकर प्रधानों ने किया धरना प्रदर्शन

कौशांबी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर के कलेक्ट्रेट में धरना प्रधान संघ के अध्यक्ष दीप नारायण त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने धरना प्रदर्शन कर बिभिन्न मांग पत्र से संबंधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा है ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व में की गई घोषणाएं अमल में लाया जाना आवश्यक है इस दौरान मंजू देवी सीता देवी चंचल सिंह अमित सिंह अनूप कुमार मीनू सिंह रत्नेश सिंह सुमित कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

आवारा पशुओं की समस्या से किसानो को निजात दिलाने की सकिपा ने प्रशासन से की मांग

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने जिला प्रशासन से किसानो को आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की है। अजय सोनी ने गुरुवार को क्षेत्र के कई गांवों जैसे कुंड्रावी, उदहिन खुर्द, कटरा, मोंगरी आदि का भ्रमण किया और किसानो से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान किसानो ने बताया कि आवारा पशुओं की समस्या से जीना हराम है। रात रात भर जागकर खेतों की रखवाली करनी पड़ती है। फिर भी आवारा पशुओं से फसलों का नुकसान नहीं रुक रहा है जिसके चलते फसलें चौपट हों रहीं हैं। इस अवसर पर किसानो से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि जिला एवं तहसील प्रशासन से कई कई बार लिखित ज्ञापन देकर आवारा पशुओं की समस्या से किसानो को निजात दिलाने की मांग की गई है लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नही हुई। आगे कहा कि जिला प्रशासन को चाहिए कि आवारा पशुओं से किसानो को निजात दिलाए। इस सम्बन्ध में अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही आवारा पशुओं से किसानों की फसलों को नहीं बचाया गया तो किसान भुखमरी के शिकार हो जाएंगे।इस अवसर पर आदित्य तिवारी, देवराज लोधी, राजू यादव, अखिलेश मौर्य, बलजीत सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

रेप पीड़िता ने सीओ को दी तहरीर, की मुकदमा दर्ज करने की मांग

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के सटई गांव की एक विधवा महिला ने सीओ चायल को तहरीर देकर बताया कि 21 फरवरी की सुबह 9 बजे जानवरों के लिए वह अपने खेत में चारा काटने गयी थी तभी गाँव की केला देवी का बेटा मनोज हमारे खेत में घुस आया और इधर उधर देख कर चला गया 5 मिनट बाद वह फिर मेरे पास आया और जबरन हाथ पकड़ कर गेहू के खेत में पटक कर मेरे साथ बलत्कार किया बिधवा का कहना है कि मुझे मारा पीटा और मेरा ब्लाउज फाड दिया तथा कहा कि यदि किसी से बताओगी तो तुझे जान से मार देंगे महिला ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

राष्ट्रीय राजमार्ग अझुवा में बना विक्रम टैम्पो स्टैंड जिम्मेदार मौन

जाम व अतिक्रमण के झाम से जूझ रहा नगर पंचायत अझुवा, माहवारी देते हैं टेम्पो ड्राइवर

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। आदर्श नगर पंचायत अझुवा जाम के झाम से जूझ रहा है,दुकानदारों ने नाली नाला के ऊपर कब्जा कर लिया है इसके बाद स्टूल और बेंच लगा देते हैं रही सही कसर सड़क पर मोटसाइकिल ,साइकिल, सवार अपने अन्य वाहन खड़ा कर सामान खरीदते हैं जिससे आवागमन में दिक्कत होती है विशेषकर साप्ताहिक बाजार रविवार और बुधवार को भोला चैराहे से टेण्डरी मोड़ पुरानी बाजार तक 300 मीटर के मध्य दुकानदार,बेतरतीब खड़े मालवाहक ट्रक हमेशा खड़े रहते हैं जिससे मार्ग बाधित रहता है इस अति व्यस्त मुख्य मार्ग से जिम्मेदार भी प्रतिदिन गुजरते हैं लेकिन उनकी नकारेपन की वजह से आमजनमानस को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है आड़ा तिरछा वाहन खड़े रहते हैं,कभी कभी वाद विवाद मारपीट की भी नौबत आती है ।भोला चौराहे से शांखा सम्पर्क मार्ग बाजार प्रवेश करने वाले मुख्य मार्ग पर आधी सड़क तक ठेलिया, खोमचे लगते हैं जिससे आवागमन में बहुत दिक्कत होती है। कभी कभी चौकी पुलिस होमगार्डों को जाम से झाम से छुटकारा दिलाने के लिए ड्यूटी लगा देते हैं जो अतिक्रमण कारियों के पास खड़े होकर उनका फलों का आंनद लेते हैं

माहवारी देने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग अझुवा में बीच सड़क विक्रम,टैक्सी,टेम्पो दिन भर खड़े कर सवारियां उतारते व बिठाते हैं जिससे दुर्घटना की आशंका बराबर बनी रहती है खोजी तिराहा,पूर्व बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने वाले मार्ग में पटरियों में दुकादारों ने पूर्ण कब्जा कर लिया है ।जिसकी शिकायत नगर के वरिष्ठजनों ने ईओ और चौकी पुलिस से कई बार की है लेकिन जिम्मेदार एक कान से सुनकर दूसरे कान से उड़ा देते हैं।सिर्फ नजराना वसूलने में व्यस्त रहते हैं टेम्पो ड्राइवर के अनुसार अझुवा से खागा की तरफ जाने वाले टेम्पो,विक्रम टैक्सी वाहन चालक चौकी पुलिस के ईमानदार कर्मियों को माहवारी वसूलने में दिक्कत न हो इसलिए कोई भी रोक टोंक नही है।

सड़क पर खड़े सवारी वाहन

अझुवा कस्बे में लगा जाम

पति के होते हुए महिला ने दूसरे युवक से बनाए संबंध

युवक की शादी में व्यवधान डाल रही है विवाहित महिला

कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर असवा गांव की एक विवाहिता महिला ने अपने पति के मौजूद होने के बाद भी गांव के दूसरे युवक बिरजे लाल को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और पति के साथ साथ बिरजे लाल से विवाहित महिला शारीरिक संबंध बनाती रही अपने पति को बीमार बताते हुए 7 वर्षों पूर्व महिला ने युवक को अपने प्रेम जाल में फंसाया था लगातार अपने पति को धोखा देकर और दूसरे युवक से शारीरिक संबंध महिला बनाती रही जब युवक की शादी कहीं अन्य स्थान पर तय होने लगी तो विवाहित महिला ने युवक पर दबाव बनाना शुरू कर दिया और कहा कि एक बच्चे का जन्म तुमसे संबंध के बाद हुआ है महिला ने कहा कि अब तुम मेरे साथ शादी कर लो युवक को बालिका के साथ शादी करने में विवाहित महिला व्यवधान डालने लगी है इस बात को लेकर दोनों के बीच तू-तू मैं-मैं हुई है मामला पुलिस की चौखट तक पहुंच गया है महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर युवक पर कार्यवाही की मांग की है।

संपादकीय

पंजाब से सीखे सारा भारत

अब से लगभग 65 साल पहले मैंने इंदौर में एक आंदोलन चलाया था कि सारे दुकानदार अपने नामपट हिंदी में लगाएं। अंग्रेजी नामपट हटाएं। दुनिया के सिर्फ ऐसे देशों में दुकानों और मकानों के नामपट विदेशी भाषाओं में लिखे होते हैं, जो उन देशों के गुलाम रहे होते हैं। भारत को आजाद हुए 75 साल हो रहे हैं लेकिन भाषाई गुलामी ने हमारा पिंड नहीं छोड़ा है। जो हाल हमारा है, वही पाकिस्तान, श्रीलंका और म्यांमार का भी है। नेपाल, बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे देशों में ऐसी गुलामी का असर काफी कम दिखाई पड़ता है। इस मामले में पंजाब की आप पार्टी की सरकार ने कमाल कर दिया है। उसने 21 फरवरी से यह नियम लागू कर दिया है कि दुकानों पर सारे नामपट पंजाबी भाषा में होंगे और सारी सरकारी वेबसाइट भी पंजाबी भाषा में होगी। जो इस नियम का उल्लंघन करेगा, उसे 5 हजार रु. तक जुमार्ना भरना पड़ेगा। इससे भी सख्त नियम महाराष्ट्र में लागू हैं। वहां नामपट यदि मराठी भाषा और देवनागरी लिपि में नहीं होंगे तो एक लाख रु. तक जुमार्ना ठोका जा सकता है। तमिलनाडु में भी जुमार्ने की व्यवस्था है। कर्नाटक में भी नामपटों को कन्नड़ भाषा में लिखने का आंदोलन जमकर चला है। यदि सारे भारत के प्रांत इसी पद्धति का अनुकरण करें तो कितना अच्छा हो। सबके घरों और दुकानों पर नामपट मोटे-मोटे अक्षरों में अपनी प्रांतीय भाषाओं में हों और छोटे-छोटे अक्षरों में राष्ट्रीय संपर्क भाषा हिंदी में हों और यदि कोई किसी विदेशी भाषा में भी रखना चाहें तो रखें। यदि यह नियम सारे देश में लागू हो जाए तो एक-दूसरे की भाषा सीखना भी काफी सरल हो जाएगा। यदि पंजाब की आप सरकार इतनी हिम्मत दिखा रही है तो दिल्ली में केजरीवाल की सरकार भी यही पहल क्यों नहीं करती? दिल्ली अगर सुधर गई तो उसका असर सारे देश पर होगा। हमारे सभी राजनीतिक दल आजकल वोट और नोट के चक्कर में पागल हुए हैं। उन्हें समाज-सुधार से कोई मतलब नहीं है। भाषा के सवाल पर कानून बनाने की जरूरत ही क्यों पड़ रही है? यह तो लोकप्रिय जन-आंदोलन बनना चाहिए। जैसे 5-7 साल पहले मैंने स्वभाषा में हस्ताक्षर अभियान चलाया था। अब तक लगभग 50 लाख लोगों ने अपने हस्ताक्षर अंग्रेजी से बदलकर स्वभाषाओं में करवा लिए हैं। भारत के लोगों में स्वभाषा-प्रेम कम नहीं है लेकिन उसे जागृत करने का जिम्मा हमारे राजनीतिक दल और नेता लोग ले लें तो भारत को महाशक्ति बनने में देर नहीं लगेगी। दुर्भाग्य है कि हमारे साधु-संत, मौलवी और पादरी लोग भी भाषा के मुद्दे पर मौन रहते हैं। क्या उन सब पर मैं यह रहस्य उजागर करूं कि कोई भी राष्ट्र विदेशी भाषा के दम पर महाशक्ति नहीं बना है।

'इस्तेमाल' होती आस्थावानों की भीड़

निर्मल रानी

मध्य प्रदेश के कुबेरेश्वर धाम में पिछले दिनों आयोजित हुये 'रुद्राक्ष महोत्सव' में भगदड़ मच गयी। परिणाम स्वरूप कई लोग अपनी जान गंवा बैठे,सैकड़ों घायल हुये तो अनेक लापता हो गये। कुबेरेश्वर धाम में 7 दिन तक चलने वाले इसी रुद्राक्ष महोत्सव में भगदड़ के ही समय प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा भी चल रही थी जिसमें लाखों लोग शिरकत कर रहे थे। बताया जा रहा है कि पांच दिन में 30 लाख श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष बांटने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अर्थात प्रतिदिन 6 लाख लोगों को रुद्राक्ष वितरित किया जाना तय था। उसके बावजूद आयोजकों का यह कहना कि उम्मीद से अधिक भीड़ आ गयी,यह समझ से परे है। जिस 'चमत्कारी रुद्राक्ष' के लिये प्रत्येक वर्ष लाखों लोग इकठ्ठा होते हैं,इस के बारे में आश्रम की ओर से यह प्रचार किया जाता है कि इस चमत्कारी रुद्राक्ष को पानी में डालने के बाद उस पानी को पी जाने से लोगों की हर परेशानी दूर हो जाती है। कहा जाता है कि इससे सारे कष्ट का निवारण होता है। कुबेरेश्वर धाम में 'रुद्राक्ष महोत्सव' के अंतर्गत चलने वाली इसी कथा के छठवें दिन भक्तों का गोया सैलाब उमड़ पड़ा था। हजारों वाहन एक साथ कुबेरेश्वर धाम पहुंच गए थे। इन वाहनों के लिए 70 एकड़ में में पांच अलग अलग स्थानों पर पार्किंग बनाई गई थी जोकि पहले ही दिन भर चुकी थी। पूरे सीहोर शहर में कथा में शामिल होने आये भक्त ही भक्त नजर आ रहे थे। पचास किलोमीटर के क्षेत्र में जाम की स्थिति थी। जाम में फंसे होने के कारण हजारों रेल व विमान यात्रियों की यात्रायें छूट गयीं तो कई एम्बुलेंस भी जाम में फँसी रहीं। बच्चों की परीक्षायें छूटीं तो हजारों लोग जीवन यापन हेतु अपने गंतव्य तक नहीं पहुँच सके। भगदड़ के समय अनियंत्रित भीड़ रेलिंग कूद कूद कर अपनी जानें बचाती नजर आयी। जबकि स्वयं पुलिस एसपी रैलिंग कूद कर भागते व स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश करते दिखाई दिये। भूखे प्यासे लोग अपना पेट भरने के लिये कथास्थल के आस पास के चने के खेतों में घुसकर चने के पौधे तोड़ उन्हें खाने को मजबूर थे। कुल मिलाकर कथास्थल के आस पास के बड़े इलाके में चारों ओर घोर दुर्व्यवस्था का दृश्य दिखाई दे रहा था। ठीक इसी समय जब कि लोग भगदड़ से परेशान रोते बिलखते और घायलावस्था में इधर उधर भाग रहे थे उसी समय पंडित प्रदीप मिश्रा का प्रवचन निरंतर जारी थी। चश्मदीद भक्तों व श्रद्धालुओं के ही अनुसार पंडित जी ने इतनी भयानक भगदड़ शोर शराबा और चीख पुकार के बावजूद न ही अपना कथा सिंहासन छोड़ा न ही पीड़ितों के लिये सान्तवना के कुछ शब्द कहे।

शुद्ध पानी का हक दिलाने की सरकारी मुहिम

ललित गर्ग

जल मनुष्य के जीवन को वह अहम हिस्सा है जिसके बिना इंसान अपने जीवन के सफर को पूर्ण नहीं कर सकता है। यानी जल के बिना जीवन संभव नहीं है। प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं उदासीनता का परिणाम है कि इंसान को पीने का स्वच्छ जल मिलना दुर्लभ होता जा रहा है। व्यक्ति के जीवन जीने के लिए पानी की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति को तभी पूरा कर सकता है जब उनके जीवन में पानी की सुविधा उपलब्ध है। निरन्तर जटिल होती स्वच्छ जल की समस्या को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जल जीवन मिशन स्कीम शुरू की है। इस स्कीम को शुरू करने का मुख्य लक्ष्य यह है की ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले 50 प्रतिशत से अधिक ऐसे परिवार है जिन्हें पानी की समस्याओं से जूझना पड़ता है। पानी प्राप्त करने के लिए उन्हें दूर क्षेत्रों में कई मीलों पैदल जाना पड़ता है जिससे उन्हें कई परेशानियों से गुजरना पड़ता है। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार ने जल जीवन मिशन स्कीम के तहत सभी नागरिकों तक घर-घर में पानी की सुविधा पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। गोवा देश का पहला राज्य और दमन दीव एवं दादरा नगर हवेली पहला केंद्र शासित प्रदेश बन गया है, जहां के हर घर को स्वच्छ जलापूर्ति नल से हो रही है। जल्द ही इस सूची में और राज्यों के जुड़ने की संभावना है। दरअसल भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत तेलंगाना, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, पुदुचेरी और हरियाणा के भी 100 प्रतिशत ग्रामीण घरों को नल के जरिये साफ पानी का कनेक्शन दिया जा चुका है, सरकार की यह पहल अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय है। सुप्रीम कोर्ट ने भी स्वीकार किया है कि स्वच्छ पेयजल को हासिल करना जिंदगी की मूलभूत शर्त है और अनुच्छेद 21 के तहत यह केन्द्र एवं राज्य सरकारों का कर्तव्य है कि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराए। पर इस अधिकार को कैसे उपलब्ध कराया जाए? पहली बात तो यह है कि शहरी जल व्यवस्था और ग्रामीण जल शोधन मे निवेश कौन करेगा? निजी क्षेत्र या सार्वजनिक क्षेत्र? इसे लेकर निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के उत्तरदायित्व की बेवजह बहस चलाई जाती है। ऐसी बहस आमतौर पर एक ज्यादा महत्वपूर्ण सवाल से ध्यान हटा देती है कि जल परियोजनाओं को कैसे बनाया और कामयाब किया जाए। लेकिन मोदी सरकार ने

इस समस्या को बड़ी गंभीरता से लिया है और जल जीवन मिशन स्कीम शुरू की है और इसके लिये 350 लाख करोड़ रूपए का बजट निर्धारित किया गया है। सरकार के आम जनजीवन से जुड़े लक्ष्यों में जनभागीदारी की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इस बात को ध्यान में रखते हुए लायंस क्लब नई दिल्ली अलकनंदा ने करीब 45 लाख रूपयों के आरओ के साथ वाटर कूलर स्थापित किये हैं। क्लब ने दिल्ली की सबसे अधिक पीड़ित आबादी यानी गरीब आबादी के बच्चों के एमसीडी स्कूलों की पहचान करके स्वच्छ शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने की पहल की थी, ऐसे ही अनेक जनकल्याणकारी स्वयंसेवी संगठन गरीब लोगों के लिये शुद्ध जल उपलब्ध कराने के कार्य कर रहे हैं। सुरक्षित पेयजल के लिए कुछ हद तक तो जन-अनुदान के साथ सरकारी सब्सिडी की जरूरत होगी ही। खुशकिस्मती से ऐसी सब्सिडी की तरह-तरह के मॉडल दुनियाभर में मौजूद हैं, जो हमारे लिए खासे महत्वपूर्ण हो सकते हैं। एक तो इसके लिए दोहरी मूल्य प्रणाली अपनाई जा सकती हैं, जिसमें एक मूल्य तो एक निश्चित मात्रा तक जरूरी पानी के लिए होगा और उससे ज्यादा इस्तेमाल होने पर ज्यादा मूल्य लगेगा। एक और तरीका यह है कि जो गरीब हैं, उन्हें इसके लिए सीधे सब्सिडी दी जाए। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में यह चुनौती कुछ अलग तरह की है। यहां मुख्य समस्या पानी के स्रोत की नहीं है, बड़े पैमाने पर उसे स्वच्छ बनाने की है। यहां पाइप के नेटवर्क के बजाए आपूर्ति के दूसरे साधन ज्यादा उपयुक्त हो सकते हैं और पानी की सफाई तकनीक की नहीं, संगठन की समस्या है। पानी को बैक्टीरिया, आर्सेनिक और फ्लोराइड से मुक्त करने के लिए दुनियाभर में तरह-तरह की तकनीक उपलब्ध हैं। समस्या पानी से अशुद्धियां हटाने की नहीं, बल्कि ऐसी सामाजिक व्यवस्था बनाने की है, जिसके तहत इस तकनीक में निवेश और देखरेख हो सकें।

पर्यावरण की नजर से देखें तो यह बहुत अच्छी चीज नहीं है। इससे भूमिगत जल का जरूरत से ज्यादा दोहन होता है। इसके बाद धरती में लवण का अनुपात बढ़ जाता है। शहर के लिए भी इससे तमाम समस्याएं खड़ी होती हैं

स्वच्छ जल की उपलब्धता न होना एक बड़ी समस्या है, जल प्रदूषण एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल सबसे जरूरी वस्तु है, जल है तो जीवन है। जल ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीव मंडल में पारिस्थितिकी संतुलन को यह बनाये रखता है। पीने, नहाने, ऊर्जा उत्पादन, फसलों की सिंचाई, सीवेज के निपटान, उत्पादन प्रक्रिया आदि बहुत उद्देश्यों को पूरा करने के लिये स्वच्छ जल बहुत जरूरी है। जल-संकट के प्रति सचेत करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर-संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने हाल ही में जल का भंडारण बढ़ाने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि जल को जितना बचा सकते हैं बचाएं और जितना बढ़ा सकते हैं बढ़ाएं क्योंकि जल पृथ्वी की संचित संपत्ति है। हम जल को कैसे स्टोर कर सके, इसका उपाय करना चाहिए। जल-समस्या के समाधान के लिये अपनाये जाने वाले सभी तरीके उपयुक्त ही हो, जरूरी नहीं है। मसलन टयूबवेल को ही लें। पानी की समस्या से निपटने की इस तरह की रणनीति दरअसल जल व्यवस्था के विकास में बाधा ही बनती है।

पर्यावरण की नजर से देखें तो यह बहुत अच्छी चीज नहीं है। इससे भूमिगत जल का जरूरत से ज्यादा दोहन होता है। इसके बाद धरती में लवण का अनुपात बढ़ जाता है। शहर के लिए भी इससे तमाम समस्याएं खड़ी होती हैं। लेकिन जिस इमारत में इसे लगाया जाता है उसके लिए यह जरूर फायदेमंद होता है। एक बार जब इसे लगा दिया जाता है तो इससे पर्याप्त पानी मिल जाता है। लेकिन किसी भी नए शहर की पानी की समस्या से निपटने के लिए इससे बेहतर विकल्प की जरूरत होगी जो लोगों का पानी भी दे और फायदे का सौदा भी साबित हो। जल प्रदूषण एवं पीने लायक जल की घटती मात्रा दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती बन चुका हैं। पर्यावरण से जुड़ी इस तरह की समस्याओं एवं खतरों को लेकर वैश्विक स्तर पर चिन्ता तो जाहिर की जाती है, मगर अब तक इस दिशा में कोई खास समाधान की पहल नहीं हो सकी है। परिणाम है कि बढ़ती जनसंख्या के कारण तेज औद्योगिकीकरण और अनियोजित शहरीकरण बढ़ रहा है जो बड़े और छोटे पानी के स्रोतों में ढेर सारा कचरा छोड़ रहें हैं जो अंततः पानी की गुणवत्ता को गिरा रहा है। जल में ऐसे प्रदूषकों के सीधे और लगातार मिलने से पानी में उपलब्ध खतरनाक सूक्ष्म जीवों को मारने की क्षमता वाले ओजोन के घटने के कारण जल की स्व-शुद्धिकरण क्षमता घट रही है। इससे जल की रसायनिक, भौतिक और जैविक विशेषताएं बिगड़ रही है जो पूरे विश्व में सभी पौड़-पौधों, मानव और जानवरों के लिये बहुत खतरनाक है। जल बचाने के मुख्य साधन है नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, रक्षा करो, अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। अन्तिम समय यही तुम्हारे जीवन और जीवनी को बचायेंगे। ख्यात पर्यावरणविद अनुपम मिश्र तो अब भी खरे है तालाब कहते कहते स्वर्गस्थ हो गये। पशु और पौधों की बहुत सारी महत्वपूर्ण प्रजातियाँ जल प्रदूषकों के कारण खत्म हो चुकी है। ये एक वैश्विक समस्या है जो विकसित और विकासशील दोनों देशों को प्रभावित कर रही हैं। खनन, कृषि, मछली पालन, स्टॉकब्रिडींग, विभिन्न उद्योग, शहरी मानव क्रियाएँ, शहरीकरण, निर्माण उद्योगों की बढ़ती संख्या, घरेलू सीवेज आदि के कारण बड़े स्तर पर जल एवं जलस्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। पूरे विश्व के लिये शुद्ध जल की मात्रा का लगातार घटना एवं जल प्रदूषण एक बड़ा पर्यावरणीय और सामाजिक मुद्दा है। यह अपने चरम बिंदु पर पहुँच चुका है। इन संकटों से घिरती विश्व मानवता को बचाने के लिये खेती के धंधे की पद्धति में बदलाव भी करना पड़े तो करना चाहिए।

हमें अधिक से अधिक जैविक खेती करने की आवश्यकता है। जल का भंडारण अधिक से अधिक धरती पर किया जाए। पानी की खपत कैसे कम हो, कम पानी में हमारा काम हो, इस पर जोर देना जरूरी है।

भारत में सुधरेगी खेलों की दशा

रमेश सर्राफ धमोरा

भारतीय खेल जगत में उड़न परी के नाम से मशहूर पीटी उषा के भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष बनने के बाद अब लगने लगा है कि आने वाले समय में भारत में खेलों की दशा सुधरेगी। पीटी उषा स्वयं एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की धावक रही है तथा भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष बनने वाली पहली महिला है। भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन में अभी तक गैर खिलाड़ी व पुरुषों का ही वर्चस्व रहा है। यह पहला अवसर है जब संघ की अध्यक्ष के रूप में एक महिला और वह भी खिलाड़ी की नियुक्ति हुई है। खिलाड़ी होने के नाते पीटी उषा को खिलाड़ियों के समक्ष आने वाली सभी समस्याओं की पूरी जानकारी है। एक खिलाड़ी के रूप में उन्हें भी अपने कैरियर में विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ा था। ऐसे में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में पीटी उषा भारत में खेल व खिलाड़ियों की दशा सुधारने की दिशा में कई बेहतर काम कर सकती है। अध्यक्ष के रूप में उन्हें जो अवसर मिला है। उसका फायदा आने वाले कई पीढ़ियों को मिल सकता है। भारतीय ओलंपिक संघ की पीटी उषा 15 वीं अध्यक्ष बनी है। इससे पूर्व चुने गए 14 अध्यक्षों में से कोई भी खिलाड़ी नहीं रहा है। 1927 में भारतीय ओलंपिक संघ की स्थापना के समय दोराबजी टाटा पहले अध्यक्ष बने थे। वह प्रतिष्ठित टाटा समूह से जुड़े हुए थे। उनके बाद महाराजा भूपिंदर सिंह, महाराजा यदाविंद्र सिंह, भलिंद्र सिंह, ओमप्रकाश मेहरा, बलिंदर सिंह, विद्या चरण शुक्ला, शिवांथी अदिथन, सुरेश कलमाडी, विजय कुमार मल्होत्रा, सुरेश कलमाडी, अजय सिंह चैटाला, नारायण रामचंद्रन, नरिंदर बत्रा अध्यक्ष रह चुके हैं। भारतीय ओलंपिक संघ भारत की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति है। जिसका कार्य ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों व अन्य अंतरराष्ट्रीय बहू खेल प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों का चयन करना और भारतीय दल का प्रबंधन करना है। यह भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ की तरह भी कार्य करता है तथा राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों का भी चयन करता है। इस संघ के पदाधिकारियों का चुनाव प्रत्येक 4 वर्ष बाद होता है। भारतीय ओलंपिक समिति के सदस्यों में राष्ट्रीय खेल संघों, राज्य ओलंपिक संघ और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति और अन्य चुनिंदा बहू खेल संगठनों के सदस्य शामिल हैं। अपने जमाने के दिग्गज धाविका पीटी उषा को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का पहला महिला अध्यक्ष चुनने से भारतीय खेल प्रशासन में एक नए युग की शुरूआत हुई है। एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाली और 1984 के लॉस एंजलिस ओलंपिक खेलों में 400 मीटर की बाधा दौड़ में चौथे स्थान पर रही 58 वर्षीय उषा को चुनाव के बाद शीर्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। पय्योली एक्सप्रेस और उड़न परी के नाम से मशहूर रही पीटी उषा ने 2000 में संन्यास लेने से पहले भारतीय और एशियाई एथलेटिक्स में दो दशक तक अपना दबदबा बनाये रखा था। पिलावुलकंडी थेक्केपारंबिल उषा का जन्म 27 जून 1964 में पय्योली गाँव में हुआ था। इन्हें पीटी उषा नाम से ही जाना जाता है। इनके पिता का नाम इ पी एम पैतल एवं माता का नाम टी वी लक्ष्मी है। इनके पहले कोच ओ.एम. नम्बिअर थे। पीटी उषा ने एथलीट के तौर पर अपने अन्तराष्ट्रीय करियर की शुरूवात 1980 में करांची में हुए पाकिस्तान ओपन नेशनल मीट से की थी। इस एथलीट मीट में पीटी उषा ने 4 गोल्ड मैडल भारत के नाम किये थे। इसके बाद 1982 में पीटी उषा ने वर्ल्ड जूनियर इनविटेशन मीट में हिस्सा लेकर 200 मीटर की रेस में गोल्ड मैडल एवं 100 मीटर की रेस में ब्रोंज मैडल जीता था। इसके एक साल बाद ही कुवैत में हुए एशियन ट्रैक एंड फील्ड चैम्पियनशीप में पीटी उषा ने 400 मीटर की रेस में नया रिकॉर्ड कायम किया और गोल्ड मैडल जीता।

1984 में लॉसएंजिल्स में हुए ओलंपिक में पीटी उषा ने सेमी फाइनल के पहले राउंड की 400 मीटर बाधा दौड़ को अच्छे से समाप्त कर लिया था। लेकिन इसके फाइनल में वे हार गई और उनको ब्रोंज मैडल नहीं मिल पाया था। हार के बाद भी पीटी उषा की यह उपलब्धि बहुत बड़ी थी। यह भारत के इतिहास में पहली बार हुआ था जब कोई महिला एथलीट ओलंपिक के किसी फाइनल राउंड में पहुंची थी। इन्होने 55 .42 सेकंड में रेस पूरी की थी। जो आज भी भारत के इवेंट में एक नेशनल रिकॉर्ड है। 1985 में पीटी उषा ने इण्डोनेशिया के जकार्ता में एशियन ट्रैक एंड फील्ड चैम्पियनशीप में हिस्सा लेकर 5 गोल्ड और 1 ब्रोंज मैडल जीता। 1986 में सीओल में 10 वें एशियन गेम्समें 200 मीटर, 400 मीटर, 400 मीटर बाधा एवं 4400 मीटर रिले रेस में हिस्सा लेकर पीटी उषा विजयी रहीं और चारों गोल्ड मैडल भारत के नाम कर दिया। एक ही इवेंट में एक ही एथलीट द्वारा इतने मैडल जीतना अपने आप में एक रिकॉर्ड था। 1989 में उन्होने दिल्ली में आयोजित एशियन ट्रैक फेडरेशन मीट में 4 गोल्ड मैडल एवं 2 सिल्वर मैडल जीते। 1990 में बीजिंग एशियन गेम्स में हिस्सा लिया। इस इवेंट के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं होने के बावजूद पी टी उषा ने 3 सिल्वर मैडल अपने नाम किये। 1991 में इन्होने वी श्रीनिवासन से शादी कर ली। जिसके बाद इनका एक बेटा हुआ। 1998 में अचानक सबको चौंकाते हुए 34 साल की उम्र में पीटी उषा ने एथलेटिक्स में वापसी कर दी और जापान के फुकुओका में आयोजित एशियन ट्रैक फेडरेशन मीट में हिस्सा लेकर 200 मीटर एवं 400 मीटर की रेस में ब्रोंज मैडल जीता। 34 साल की उम्र में पीटी उषा ने 200 मीटर की रेस में अपनी खुद की टाइमिंग में सुधर किया और एक नया नेशनल रिकॉर्ड कायम कर दिया। 2000 में पीटी उषा ने एथलेटिक्स से पूरी तरह से संन्यास ले लिया। मौजूदा समय में देश के अधिकांश खेल संघों के पदाधिकारियों पर भेदभाव के आरोप लगना आम बात हो गई है। खेल संघों मे गैर खिलाड़ियों व राजनेताओं के पदाधिकारी बनने से उनका ध्यान खेलों को बढ़ावा देने के बजाय अपने स्वार्थ साधना अधिक रहता है। इसी कारण बहुत से प्रतिभाशाली व योग्य खिलाड़ियों को मौका नहीं मिलने से पिछड़ जाते हैं। भारत की कई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता महिला पहलवानों ने कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाए है। जिसकी खेल मंत्रालय द्वारा जांच की जा रही है। ऐसी घटनाओं से खेलों की तो बदनामी होती ही है इसके साथ ही खिलाड़ियों का मनोबल भी कमजोर होता है। जब तक खेलो को खिलाड़ियों के लिए नहीं छोड़ा जाएगा तब तक भारत खेलों में इसी तरह पिछड़ता रहेगा। पीटी उषा के भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष बनने के बाद देश के खिलाड़ियों व लोगों में खेलो की दुनिया में अच्छे दिन आने की उम्मीद जगी है। एक महिला खिलाड़ी के अध्यक्ष बनने से आने वाले समय में विशेषकर महिला खिलाड़ियों के समक्ष आने वाली कई तरह की दिक्कतों का निवारण हो सकेगा।

इस बात की सभी को आशा है। पीटी उषा जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की धावक से भारत का हर नागरिक यही अपेक्षा रखता है कि वह अपने अध्यक्ष के कार्यकाल को एक मिसाल बना दे। ताकि आने वाले पीढ़ियां उनके कार्यकाल को बेहतर खेलों के लिए याद रख सके। सरकार ने इन्हे राज्य सभा सदस्य भी नामित किया है। जिसका लाभ भी खेलों व खिलाड़ियों को मिलना तय माना जा रहा है।

गजब का है पेरिस का सीवरेज सिस्टम व नगर नियोजन

सुनील कुमार महला

फ्रांस के बारे में एक कथन बहुत ही प्रसिद्ध है कि- 'फ्रांस इज पेरिस, पेरिस इज फ्रांस।' पेरिस फ्रांस की राजधानी है और सबसे अधिक आबादी वाला शहर है। फ्रांस के बारे में अक्सर यह बात कि 'फ्रांस इज पेरिस, पेरिस इज फ्रांस' इसलिए कही जाती है, क्योंकि फ्रांस दुनिया का बहुत ही स्वच्छ व सुंदर शहर है। फ्रांस की स्वच्छता और सुंदरता का अंदाजा महज इस बात से लगाया जा सकता है कि फ्रांस के बारे में अक्सर यह कहा जाता है कि यहाँ मच्छर नाम की कोई चीज नहीं है। पेरिस के बारे में एक महत्वपूर्ण जानकारी अपने पाठकों को देता चलूं कि पेरिस शहर के नीचे नाले यानी कि सीवरेज का एक बहुत बड़ा म्यूजियम बना हुआ है, यह दुनिया में अपनी प्रकार का बहुत ही अनोखा व प्राचीन म्यूजियम है। सिवरेज जिसे हमारे भारत में 'गंदा नाला' या 'गटर' की संज्ञा दी जाती है, पेरिस शहर में सीन नामक नदी के नीचे यह म्यूजियम है। गंदे नालों(सीवरेज) में किसी शहर का गंदा पानी बहता है और उस गंदे पानी को साफ किया जाता है। यहाँ मैं पेरिस शहर के नीचे बने इस सिवरेज म्यूजियम की बात इसलिए कर रहा हूँ, क्योंकि हमारे यहाँ के शहरों में, मैट्रो सीटीज में पेरिस शहर के अनुरूप माकूल 'सिवरेज' व्यवस्थाएं मौजूद नहीं हैं। पेरिस में जो सीवरेज म्यूजियम बना है, उसमें सीवरों के दौरों के लिए आगंतुकों को नावों और वैगनों पर सीवरों के माध्यम से ले जाया जाता था।संग्रहालय 14 वीं शताब्दी के अंत में पेरिस के प्रोवोस्ट ह्यूजेस ऑब्रियट द्वारा अपने प्रारंभिक विकास से सीवरों के इतिहास का विवरण देता है, जो कि 19 वीं शताब्दी में इंजीनियर यूजीन बेलग्रैंड द्वारा डिजाइन किया गया था । इस संग्रहालय में सीवर श्रमिकों की भूमिका और जल उपचार के तरीकों का भी विवरण है ।आज हमारे भारत में स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है लेकिन बढ़ती आबादी, आधुनिकीकरण, शहरीकरण, बढ़ते औधोगीकरण, विज्ञान और विकास के बीच हमारे देश की मैट्रो सीटीज में सिवरेज की व्यवस्थाएं बहुत अधिक माकूल, व्यवस्थित व ठीक नजर नहीं आतीं हैं। हमारे देश के सिवरेज अक्सर या तो ब्लॉक रहते हैं अथवा उनमें से हर कहीं गंदा पानी लगातार निष्कासित होता रहता है। इन सीवरेज में प्लास्टिक, पॉलीथीन व अन्य सॉलिड कचरे की बहुत भरमार होती है, जिसे सफाईकर्मियों द्वारा समय समय पर अपनी जिंदगी को ताक पर रखकर साफ किया जाता है और उनकी जिंदगी सीवरेज के इस मैले(गंदगी) में हर पल मौत की सांसें गिनती रहतीं हैं। पेरिस शहर के नीचे जो सिवरेज म्यूजियम बनाया गया है, उसे हम सभी को कम से कम एक बार जरूर देखना चाहिए, और उससे हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है। यहाँ इस सीवरेज में ऐसा खास क्या है, जिसे हमें देखना चाहिए ? तो इस संबंध में बताता चलूं कि पेरिस शहर के नीचे जो सिवरेज म्यूजियम बनाया गया है, इसे हमें अपनी शहरी जिंदगी से जोड़ते हुए(जिस प्रकार से आज हमारे शहरों में सीवरेज सिस्टम को लेकर (इनकी साफ-सफाई करने संबंधी) जो समस्याएं आतीं हैं, हम पेरिस के सीवरेज म्यूजियम की भूमिका को समझने का, जानने का प्रयास करें। वास्तव में पेरिस में सीवरेज नालों की दुर्गंध और उनकी सफाई का जो इतिहास है, वह दुनिया में हमें शायद ही कहीं देखने को मिले, क्योंकि इस म्यूजियम में बड़ी-बड़ी सीवरेज लाइन्स बनाई गई हैं, जहाँ सीवरेज को साफ करने वाले कार्मिकों के पहनने के विभिन्न प्रकार के कपड़ों, जूतों, हेलमेट, सिर पर लाइट सिस्टम, विभिन्न सीवरेज साफ-सफाई टूल्स को दुनिया के सामने बहुत ही बेहतरीन व नायाब तरीकों से प्रस्तुत किया गया है, ताकि विश्व के अन्य देश भी पेरिस से सिवरेज साफ-सफाई के मामलों में प्रेरणा प्राप्त कर हम उससे संज्ञान ले सकें और अपने देश,शहर में ठीक वैसी ही साफ-सफाई व्यवस्था के इंतजामात कर सकें। हमारे यहाँ गटरों में(सीवरेज) में बहुत गंदा पानी हमेशा बहता रहता है लेकिन पेरिस के सीवरेज म्यूजियम में आपको ऐसा नजर नहीं आएगा। आज हमारे देश में सफाई मजदूरों की जिंदगी क्या है ? कैसी है ? वो सीवरेज सिस्टम को कैसे और किन परिस्थितियों में साफ करते हैं ?, शायद ही हम या कोई भी व्यक्ति इस बारे में सोचते होंगे ? सीवरेज की सफाई करने के लिए गंदे सीवरेज में जान को जोखिम में डालकर उतरना कोई मामूली काम नहीं है, यह वास्तव में बहुत ही मेहनत का काम इसलिए है, क्योंकि सीवरेज में बहुत प्रकार की गंदगी, बैक्टीरिया, मल व अन्य विषैले पदार्थ हमेशा मौजूद रहते हैं। यहाँ बताता चलूं कि पेरिस में उन्नीसवीं सदी से नालों का पर्यटन होता रहा है और बहुत से लोग पेरिस के इन अनोखे सीवरेज म्यूजियम को देखने जाते हैं। इस म्यूजियम में 'स्टिल इमेज' के जरिए सफाई मजदूरों के काम को बखूबी दिखाया गया है कि वे सीवरेज में किन,कैसी परिस्थितियों के बीच किस प्रकार से सदियों से काम करते आए हैं। वास्तव में पेरिस में इस म्यूजियम में सफाई कर्मियों के कपड़ों, इनके विशेष उपकरणों को गौर से देखने की जरूरत है और उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है।

तू भी पायेगा कभी, फूलों की सौगात

-डॉ सत्यवान सौरभ

सफलता का विचार अक्सर किसी के उद्देश्यों को प्राप्त करने और किसी की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने से जुड़ा होता है। बहुत से लोग सफलता की आकांक्षा रखते हैं क्योंकि इसे अक्सर जीवन की उपलब्धि के मापक के रूप में देखा जाता है। हालाँकि, सफलता हमेशा तत्काल नहीं होती है और इसके आने में समय लगता है। जब लोगों को अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अपेक्षा से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ता है, तो ऐसा कहा जाता है कि उन्हें देर से सफलता मिली है। आखिर विलंबित सफलता अक्सर अनिश्चित काल तक क्यों बनी रहती है।

विलंबित सफलता अक्सर अनिश्चित काल तक बनी रहती है, इसका एक मुख्य कारण यह है कि यह निराशा और आक्रोश पैदा कर सकती है। अधिकांश लोगों के मन में अपने लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए एक समय सारिणी होती है जब वे उन्हें निर्धारित करते हैं। वे आशा करते हैं कि वे बहुत अधिक प्रयास करेंगे और कम समय में सफल होंगे। हालाँकि, सफलता में देरी झुंझलाहट और निराशा का कारण बन सकती है। लोग अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की क्षमता पर संदेह करना शुरू कर सकते हैं और आशा खो सकते हैं। परिणामस्वरूप वे अंततः प्रेरणा खो सकते हैं, और अपने सपनों को छोड़ सकते हैं। विलंबित सफलता की प्रवृत्ति में योगदान देने वाला एक अन्य कारक हमेशा के लिए छूटे हुए अवसरों की संभावना है।

फटाफट खबरें

बीडीओ क्यों नहीं कर रहे जेई को कार्य मुक्त

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले के मऊ ब्लॉक में तैनात ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जेई भागवत प्रसाद मिश्रा को अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण ने मुख्यालय ऑफिस में सम्बद्ध करने का आदेश सीडीओ समेत बीडीओ को सौंपा है। बीडीओ की मनमानी से जेई को आज तक कार्य मुक्त नहीं किया गया।

गुरुवार को बताया गया कि जेई व बीडीओ की जोडी खासी चर्चित है। पहले भी जेई ग्रामीण अभियंत्रण पर तमाम प्रधानों ने कमीशनखोरी के आरोप लगाए थे। बाद में कुछ प्रधानों को मना लिया गया। बीडीओ पर भी ब्लाक प्रमुख मऊ ने कमीशनखोरी और सरकार की छवि खराब करने के आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने बाबत पत्र जिलाधिकारी को लिखा है। आखिर विकासखंड अधिकारी मऊ जेई ग्रामीण अभियंत्रण को कार्य मुक्त क्यों नहीं कर रहे। ग्रामीण अभियंत्रण जेई खुद को स्थानीय मानिकपुर ब्लॉक का निवासी तो कभी अतर्रा का निवासी बताता है। जेई की मनमानी से विकास कार्यों में भारी घोटाला किया जा रहा है। जेई का कार्य मुक्त न होना बीडीओ को संदेह के घेरे में खडा करता है।

हत्यारे की निशानदेही पर मिला शव

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कर्वी कोतवाली के बरवारा गांव में संदिग्ध दशा में नहर के नीचे जमीन में दफन एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई है।

गुरुवार को युवक का शव बरवारा गांव की नहर में मिला। बताया गया कि एक माह पहले लापता हुए निखिल का शव मिलने से हडकम्प मच गया है। हत्यारे की निशानदेही पर नहर के नीचे दफन लाश को खोदकर पुलिस ने निकलवाया। सूत्रों के मुताबिक प्रेम प्रसंग के चलते एक प्रेमी ने दूसरे प्रेमी को मौत के घाट उतार दिया था।

लाश को गलाने को भारी मात्रा में नमक डालकर जमीन के नीचे दफन किया था। मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद है।

विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

जलेसर। न्यायालय के आदेश पर अतिरिक्त दहेज में एक बाइक एवं 1 लाख रुपए मांगने एवं मारपीट कर मायके में छोड़ जाने के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़िया थाना जलेसर निवासी अर्चना का विवाह 16-7-19 को बृजेश कुमार पुत्र श्रीनिवास निवासी ग्राम रोहई थाना चंदपा जिला हाथरस के साथ हुआ था। विवाह मे अर्चना के पिता ने 1 लाख 51 हजार रुपए नगद सहित लगभग 5 लाख रुपए खर्च किए थे। लेकिन बृजेश के परिवार वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे और अतिरिक्त दहेज में एक बाइक व एक लाख रुपए मांगते हुए।

अर्चना से लगातार मारपीट करते रहते थे। 11/11/ 21 को बृजेश व बृजेश के परिवारीजन अर्चना के साथ मारपीट कर घायल अवस्था में ग्राम गढ़िया के बाहर छोड़ कर चले गए। और कह गए की अगर अतिरिक्त दहेज में एक बाइक व एक लाख रुपए नहीं लेकर आई तो हमारे यहां मत आना। उस पर अर्चना ने मुकदमा पंजीकृत कराने के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। उस पर न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत हुआ।

राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की रक्तदान - महादान

सुल्तानपुर। समाज सेवा के कार्यो में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही " राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ " की जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान - महादान कार्यक्रम में सुबह 10 बजे रक्तदाताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। ऐसा लग रहा था जैसे रक्तदाताओं का मेला लगा है। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी के त्रिपाठी ने जहां रक्तदान-महादान कैम्प का शुभारंभ किया वहीं डीएम रवीश गुप्ता ने कार्यक्रम का समापन किया तथा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र दिया।

उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से कई की जान बच जाती है, इसलिए इस दान में सभी का योगदान होना चाहिए। उन्होंने आरएसएस के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा किया और रक्तदाताओं का हौंसला अफजाई किया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. आर के मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के लोग समाज के हित मे निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंद की मदद व सहयोग करते रहते हैं।

वहीं जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदाताओं की भीड़ व उत्साह देखते ही बन रहा है। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ (आरएसएस) के मार्गदर्शक समाजसेवी निजाम अहमद खान ने रक्तदाताओं की भीड़ से उत्साहित होकर कहा कि आज के इस रक्तदान शिविर में लगभग 100 रक्तदाता रक्तदान करेंगे।

राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ (ट्रस्ट) के अध्यक्ष मेराज अहमद खान ने कहा कि रक्तदान - महादान कैम्प के आयोजन का मकसद है कि जो भी रक्त के अभाव में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं, ऐसे लोगो के जीवन को बचाना है।

गौरतलब है कि होमगार्ड की सहायक कमांडेंट श्रीमती जहांआरा ने आज 57वां रक्तदान किया वहीं कइयों ने भी रक्तदान का रिकॉर्ड बनाया। सौरभ गुप्ता ने 32 बार, दुर्गेश द्विवेदी ने 19 बार, मास्टर निजाम खान ने 18 बार, सैयद एहसान अली 10 बार, फिरोज खान 10 बार, गुलाम रब्बानी 10 बार, कामरान 10 बार, अब्दुल मुजीब खां 10 बार, सिकन्दर वर्मा 7 बार व 35 युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर लोगों के जीवन बचाने की दिशा में पहला कदम बढ़ाया। रक्तदान-महादान कार्यक्रम को सफल बनाने में जनपद के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अपना अमूल्य समय निकालकर रक्तदान किया। जामिया इस्लामिया के नाजिम ए आला मौलाना मो. उस्मान, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप पांडेय, संयुक्त मंत्री प्रशांत पांडेय, बसपा जोनल कोऑर्डिनेटर व पूर्व प्रतिनिधि सैयद एहसान अली, मोहम्मद कलीम खान, आप के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अशफाक अहमद, रिजवान एडवोकेट, कांग्रेस नेता अनीस अहमद, सेवानिवृत्त सहायक सांख्यकीय अधिकारी अकील अहमद, लेखाकार प्रदीप श्रीवास्तव आदि लोगों का विशेष योगदान रहा।

विधानसभा में पेश बजट पूरी तरह निराशावादी, खोखला और प्रदेश की जनता के साथ छलावा : बृजलाल खाबरी

लखनऊ। उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री बृजलाल खाबरी ने आज विधानसभा में प्रदेश की योगी सरकार द्वारा पेश किये गये बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि योगी सरकार का यह बजट पूरी तरह निराशावादी, खोखला और प्रदेश की जनता के साथ छलावा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री बृजलाल खाबरी ने कहा कि बजट में किसी भी कार्ययोजना को पूरा करने और पूर्व में किये गये किसी भी वादे को पूरा करने की कोई भी कार्ययोजना स्पष्ट नहीं है। बजट पूरी तरह खेत खलिहान, किसान, महिलाओं, युवाओं को निराश करने वाला है। विकास की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उद्योग धन्धे स्थापित करने, बिजली उपलब्ध कराने की बात नहीं है उद्योग धन्धे के लिए सबसे जरूरी बिजली है और बिजली समस्या प्रदेश में भीषण है। पूर्व में जो बजट योगी सरकार ने पेश किया था उसका पूरा बजट नहीं खर्च पायी है इससे अन्दाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश में विकास की ओर प्रदेश सरकार कितना गंभीर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के जरिए बजट में व्यवस्था कर गरीब, मजदूर, पिछड़े, अतिपिछड़े, दलित वर्ग के बच्चों के लिए शिक्षा की निःशुल्क व्यवस्था और समुचित चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित की थी जिसे भाजपा सरकार ने खत्म कर दिया है जो बहुत ही दुःखद है।

फराज को भेजा लखनऊ जेल, नवनीत सचान से पूछताछ जारी

एमएलए अब्बास अंसारी की पत्नी निखत से जेल में गैर कानूनी मुलाकात का मामला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले में दस फरवरी को जेल के अन्दर गैरकानूनी ढंग से एमएलए अब्बास अंसारी की पत्नी निखत के मिलनकांड का भंडाफोड होने पर जेल अधिकारियों से सांठगांठ कराने वाले कैन्टीन ठेकेदार नवनीत सचान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार से उससे पूंछताछ जारी है। इधर, सपा नेता फराज खान को पुलिस सुरक्षा में लखनऊ जेल भेजा गया है।

गुरुवार को जिला जेल रगौली के अधिकारियों से कैन्टीन ठेकेदार नवनीत सचान ने अब्बास अंसारी की पत्नी से गैरकानूनी ढंग से मुलाकात की सेटिंग कराई थी। इस मामले में पुलिस ने नवनीत सचान को गिरफ्त में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी है। पूंछताछ में पुलिस को पता चला है कि सपा नेता फराज खान ने जेल कैन्टीन ठेकेदार नवनीत सचान के माध्यम से जेल अधिकारियों से सांठगांठ कर निखत को जेल के अन्दर मिलने का सिलसिला शुरू कराया था। जेल के अन्दर मिलने की एवज में जेल अधिकारियों को सोना, चांदी और गाडी जैसी कीमती चीजें उपहार में दी गई थीं। कैन्टीन ठेकेदार से पुलिस लगातार पूंछताछ कर साक्ष्यों को एकत्र कर रही है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने कहा कि सपा नेता को पहले ही गिरफ्तार कर

पूंछताछ जारी है। मंगलवार को कैन्टीन ठेकेदार को हिरासत में लेकर पूंछताछ की जा रही है।

इधर, एसआईटी टीम के जांच अधिकारी सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने बताया कि फराज खान को भ्रष्टाचार निवारण अदालत लखनऊ में पेश किया गया था। उसे वहां से 14 दिन के जूडिसियल रिमांड में लखनऊ जेल भेजा गया है। पुलिस सुरक्षा में फराज ने रुपये के लेन-देन, खानापीना, साथ में आना-जाना व आनलाइन ट्रांजेक्शन के सवालों पर कोई जवाब नहीं दिया। सीओ ने बताया कि मामले की जांच जारी है। कुछ और लोगों से भी पूंछताछ की जायेगी।

25 गांवों के किसानों की आय करें दोगुनी: डीएम

वाटर शेड विकास घटक पीएम कृषि सिंचाई योजना है महत्वपूर्ण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में वाटर शेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2 के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारम्भ जिलाधिकारी ने दीप जलाकर किया।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेज्ट सभागार में कहा कि वाटर शेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत चयनित गांव में उपज बढ़ाना है। सिंचाई, वन, उद्यान, कृषि, मनरेगा, मत्स्य, पशु पालन आदि कन्वर्जन से कार्य इन गांवों में कराए जाएंगे। सभी विभाग 25 गांव का सर्वे कराकर बेसलाइन तैयार कराएं। भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय को उपलब्ध कराकर उसी के अनुसार प्रस्ताव बनाकर कार्य कराए जा सकें, ताकि किसानों की पैदावार को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि मनरेगा से तालाब, चकरोड, समतलीकरण आदि कार्य हो रहे हैं। योजना में गांव का समग्र विकास कराकर सभी किसान भाई एफपीओ स्वयं सहायता समूह प्रधान आदि योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय विमलेश कुमार

को निर्देश दिए कि वाटर शेड कमेटी की बैठक प्रत्येक माह कराई जाए। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से कहा कि इन चयनित गांव में शासकीय भूमि को चिन्हित कराकर स्वयं सहायता समूह को फलदार पौधे लगाने की व्यवस्था कराएं। तालाब और चकरोड के भी कार्य कराए जाएं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य है कि किसानों की आय कैसे दोगुनी हो। जो शासन से दिशा निर्देश दिए गए हैं, उसी अनुसार कार्य कराए। उन्होंने किसानों से कहा कि सभी विभागों की योजनाओं को अच्छे से समझने को कार्यशाला आयोजित की गई है। मोटे अनाज को बढ़ावा दिया जाए। प्राकृतिक खेती को अपनाएं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए बकरी पालन, मुर्गी पालन, सूकर पालन में स्वयं सहायता समूहों को विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। डीसी मनरेगा ने भूमि संरक्षण अधिकारी से कहा कि जिन गांवों को चयनित कर कार्य का पैकेज दिया गया है, उसमें मनरेगा से जो भी कार्य कराना है, इस बाबत प्रस्ताव तैयार कराया जाए। किसानों से कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें।

भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय विमलेश कुमार ने बताया कि वाटर शेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जिले में 25 गांव चयनित किए हैं। विभिन्न विभागों के कन्वर्जन से कार्य कराए जाएंगे। यह परियोजना पूरे पांच वर्ष को लागू की गई है। योजनाओं का लाभ लेने को भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों से किसान भाई संपर्क कर ले सकते हैं। भूमि संरक्षण विभाग की भी योजनाएं चल रही हैं। उनका भी लाभ ले। कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां में भी विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रशिक्षण के दौरान किसानों को दिलाई जाती है। कार्यशाला में डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक दीपक कुमार, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी हरिशंकर सिंह, मत्स्य विभाग के अधिकारियों, कृषि विज्ञान केंद्र गनींवा के वैज्ञानिक ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रधान, एफपीओ के सदस्य, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे। बैठक में भूमि संरक्षण अधिकारी चित्रकूट तुलसीराम, भूमि संरक्षण इंस्पेक्टर शशिकांत समेत विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं समिति के सदस्य मौजूद रहे।

नाबालिग से दुष्कर्म में एक को हुआ आजीवन कारावास

एक लाख 60 हजार का जुमार्ना भी लगा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अदालत में लम्बित मामलों की सघन पैरवी पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस कर्मियों के करने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट संजय के लाल की अदालत ने आरोपी राजा उर्फ कमलाकान्त पुत्र लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता निवासी शंकर बाजार कर्वी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व एक लाख 60 हजार रुपये के जुमार्ने से दंडित किया है।

ज्ञात है कि 14 जनवरी 2017 को कोतवाली कर्वी के निवासी ने सूचना दी कि 13 जनवरी को रात आठ बजे अनुसूचित जाति के मजदूर परिवार की नाबालिग पुत्री गायब हो गई थी। 14 जनवरी को छह बजे बोरे से शव बरामद हुआ। घटना के 16 दिन बाद विवेचना में स्पष्ट हुआ कि हत्या से पहले मृतका के साथ बलात्कार भी हुआ था। पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए शंकर बाजार कर्वी के राजा उर्फ कमलाकान्त पुत्र लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता को दबोचा था। मौके पर मिले साक्ष्यों का खुलासा करते हुए आरोपी ने बताया कि अपराध छिपाने को मृतका का शव बोरे में भरकर दूसरे के दरवाजे के बाहर फेंक आया था।

गुरुवार को इस मामले में कर्वी कोतवाल दीपेन्द्र कुमार सिंह व पैरोकार बाबूलाल ने अदालत में समय से गवाहों की पेशी कराई। अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ आनन्द व विशेष लोक अभियोजक पाक्सो तेज प्रताप की प्रभावी बहस के चलते अपर सत्र न्यायाधीश संजय के लाल ने आरोपी को दोष सिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास तथा एक लाख 60 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

महापुरुषों के दर्शन से उलट करती है भाजपा: अनुज

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सपा जिला कार्यालय में स्वच्छता और शिक्षा का संदेश देने वाले संत गाडगे बाबा की जयंती सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव की अध्यक्षता में मनाई गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि महान संत गाडगे जी जीवन पर्यन्त लोक सेवा, दीन-दुखियों तथा उपेक्षितो की सेवा में लगा दिया।

गुरुवार को सपा जिला कार्यालय में हुई गोष्ठी में सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि संत गाडगे हमेशा धर्म के नाम पर होने वाली पशु बलि के विरोधी थे। वह नशाखोरी, छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों तथा मजदूरों व किसानों के शोषण के प्रबल विरोधी थे। उन्होंने कहा कि भाजपा संत-

महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि मानती जरूर हैं, लेकिन महापुरुषों के बताये रास्ते पर न चलकर उल्टा काम करती है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा शोषण किसान वर्ग का हो रहा है। किसानों की आय तो सरकार ने दोगुनी नहीं की, पर किसानों के खेतों में सांडों ने क्षति जरूर दोगुना कर दिया है। भाजपा सरकार में शिक्षा का स्तर गिर गया। ये सरकार केवल झूठे सपना देखा रही है। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष गौरी शंकर मिश्रा, मो गुलाब खान, मान सिंह पटेल, कैलाश बौद्ध, दिनेश बौद्ध, सुभाष पटेल, राम प्रसाद वर्मा, जागेश्वर यादव, संतोष कोटार्य, मुन्ना सोनकर, आशुतोष अग्रहरि, अजय पाल, सुरजीत कुशवाहा, सीताराम कश्यप आदि मौजूद रहे।

लोक गायिका को नोटिस देने पर माकपा ने की कडी निन्दा, बजट की कामरेड ने बताई हकीकत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। माकपा जिला इकाई के सचिव मंडल ने मशहूर लोकगीत गायिका नेहा राठौर को पुलिस की नोटिस भेजे जाने की कड़ी निंदा की है। वहीं बजट पर सचिव मंडल के सदस्य का रामप्रताप विश्वकर्मा ने कांडीखेरा गांव में बजट की हकीकत किसानों को बताई है।

गुरुवार को प्रदेश सचिव मंडल के जारी पत्र में कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र के हर अंग पर डंडे चलाए जा रहे हैं। कानपुर की वीभत्स और दर्दनाक घटना, जिसमें बुलडोजर और आग के चपेट में मां-बेटी की जान चली गई थी। शासन-प्रशासन लीपापोती कर रही थी। इसे लोकगीत के माध्यम से पेश करने वाली नेहा राठौर को डराने को प्रदेश सरकार पुलिस का उपयोग कर रही है। उन पर माहौल खराब करने का बेहूदा आरोप लगाया गया है। माकपा जिला कमेटी सदस्य का शिव मोहन यादव, का चुनकू राम पाल, का मोहम्मद अली ने कहा कि इस तरह की घोर अलोकतांत्रिक कार्यवाही को रोका जाना चाहिए।

इसी क्रम में सचिव मंडल के सदस्य का रामप्रताप विश्वकर्मा ने कहा कि केन्द्रीय बजट की तारीफ में मीडिया का बड़ा हिस्सा, जो खबरें दिखाकर सिर्फ विज्ञापन दिखाता है। तारीफों के रात-दिन पुल बांध रहा है। अंधभक्तो की भीड़ जगह-जगह जहर फैला रही है। हकीकत जानने को पिछले बजट से जो इसी सरकार ने पेश किया था, तुलनात्मक अध्ययन किया जाये तो तस्वीरें साफ हो जाएंगी।

का रामप्रताप विश्वकर्मा ने कांडीखेरा गांव के किसानों के बीच मोदी सरकार के बजट की हकीकत बताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए पिछले साल और इस साल के बजट के कुछ आंकड़े खुद बता रहे हैं कि बजट पूंजीपतियों के हित को ध्यान में रखकर तथा मजदूर, किसान, नौजवान विरोधी बनाया गया है।

पीडित का अमल दरामद का आदेश हुआ गुम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर तहसील के ऐंचवारा गांव के कमलेश पाल पुत्र भोला पाल ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि नायब तहसीलदार मानिकपुर के यहां उसका मुकदमा 461/376$6 हीराबाई बनाम रामशरण चल रहा है। 12 मई 2004 व 18 अप्रैल 2013 को अमल दरामद के आदेश का आज तक अनुपालन नहीं हुआ।

गुरुवार को पीडित कमलेश पाल ने बताया कि नायब तहसीलदार मानिकपुर की अदालत से अमल दरामद के आदेश का आज तक अनुपालन नहीं किया गया। चकबन्दी अधिकारी शैलेश द्विवेदी व पेशकार विनोद तिवारी ने नायब तहसीलदार के आदेश को गुम करा दिया है। इससे उसका अमल दरामद नहीं हो रहा है। भगवानदीन व देवीदयाल से मिलकर भारी रिश्वत लेकर अमल दरामद नहीं किया जा रहा।

पीडित ने कहा कि अमल दरामद न होने से उसे भारी क्षति पहुंच रही है। सीओ चकबन्दी के यहां कई बार गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सीओ चकबन्दी ने गाली-गलौज कर उसे भगा दिया है। पीडित ने मामले की जांच कराकर दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

बजट में किसानों में महिलाओं एवं गरीबों सबका रखा गया ध्यान : आलोक आर्य

सुलतानपुर । बजट पेश होने के बाद लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया निकल कर सामने आई है जिसमें अधिकांश लोगों ने योगी आदित्यनाथ सरकार के इस बजट की तारीफ की है ।

भारतीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश महामंत्री एवं भाजपा नेता आलोक कुमार आर्य ने कहा कि यह बजट नए उत्तर प्रदेश बनाने के संकल्प को लेकर है ।आने वाले समय में एक नया उत्तर प्रदेश दिखाई देगा, जिसमें हमारी भारतीय सनातन संस्कृति दिखाई देगी । बजट में किसानों, मजदूरों महिलाओं सब का ध्यान रखा गया है ।

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने कहा यह बजट यूपी की अर्थ?यवस?था को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने में नींव का पत्थर साबित होगा।उन्होंने कहा इस बजट में प्रदेश के गांव,गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत हर वर्ग व हर क्षेत्र पर फोकस किया गया है।भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा 6 वर्षों में उत्तर प्रदेश की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई है। भारतीय जनता पार्टी की पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ रामजी गुप्ता ने कहा कि यह बजट निश्चित है आने वाले समय के लिए बेहतर साबित होगा उत्तर प्रदेश एक उत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर हो रहा है ।

चीन के मंगोलिया में खदान धंसने से दो की मौत, 53 लापता

बीजिंग। चीन के आतंरिक मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में एक खदान के धंसने से दो लोगों की मौत हो गई और 53 लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अल्क्सा लीग में खदान के धंसने से मलबे के नीचे लोग दब गए। बचावकर्मी मलबे में फंसे लोगों को निकालने के काम में जुटे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अल्क्सा लीग में आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण के हवाले से बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि खदान के नीचे 50 से अधिक लोग फंसे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक आठ लोगों को निकाला गया जिनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया। छह लोग अस्पताल में भर्ती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 334 बचावकर्मियों के साथ आठ टीम बचाव अभियान में जुटी हैं। लापता लोगों की तलाश के लिए आस-पास के क्षेत्रों से बचाव कर्मियों को भेजा गया है। आतंरिक मंगोलिया चीन में कोयले और अन्य खनिजों के खनन के लिए एक प्रमुख क्षेत्र है।

ईरान में नागरिक को मौत की सजा के बाद जर्मनी ने दो ईरानी राजनयिकों का किया निष्कासित

बर्लिन। जर्मनी ने कहा कि ईरान में अपने एक नागरिक को मौत की सजा सुनाए जाने को लेकर वह दो ईरानी राजनयिकों को निष्कासित कर रहा है। ईरान में अधिकारियों ने यह घोषणा की थी कि ईरानी-जर्मन नागरिक और अमेरिका निवासी जमशीद शरमाद (67) को आतंकी गतिविधियों में दोषी करार देने के बाद मौत की सजा सुनाई गई है। जर्मनी की विदेश मंत्री अन्नालीना बेयरबॉक ने कहा कि उन्होंने बर्लिन में ईरान के दूतावास प्रभारी को तलब किया और उन्हें इस बात से अवगत कराया कि हम जर्मन नागरिक अधिकारों के इस तरह के हनन को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप जर्मन सरकार ने ईरानी दूतावास के दो सदस्यों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया तथा उनसे संक्षिप्त नोटिस पर जर्मनी छोडने् को कहा गया है।

फ्लोरिडा में गोलीबारी, नौ साल की बच्ची व टीवी पत्रकार समेत तीन की मौत

फ्लोरिडा (अमेरिका)। अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब फ्लोरिडा में 19 वर्षीय हमलावर ने ताबड़तोड़ गोलीबारी की, जिसमें नौ साल की बच्ची व एक टीवी पत्रकार सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। तीन लोगों के घायल होने की जानकारी भी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक अमेरिका के फ्लोरिडा में हुई दिल दहलाने वाली वारदात में 19 वर्षीय युवक कीथ मेल्विन मूसा ने ओर्नाल्डो में टीवी चैनल में काम करने वाले एक पत्रकार पर हमला किया। गोलीबारी में उक्त पत्रकार के साथ नौ साल की बच्ची और बीस वर्षीय युवती की भी मौत हो गयी। गोलीबारी में एक अन्य पत्रकार और मारी गयी बच्ची की मां सहित तीन लोग घायल हो गए। इन तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन घायलों में से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के कुछ देर बाद पुलिस ने हमलावर कीथ मेल्विन मूसा को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास हथियार भी मिले हैं। फिलहाल गोलीबारी के मकसद का पता नहीं चला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी इस घटनाक्रम को गंभीरता से लिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव काराइन जीन पियरे ने कहा कि उनकी संवेदनाएं घटनाक्रम में मारे गए पत्रकार सहित सभी मृतक परिजनों के साथ हैं।

अमेरिका में सिख और यहूदी घृणा अपराध से सर्वाधिक पीड़ित, धार्मिक भेदभाव के होते हैं शिकार

वाशिंगटन। संघीय जांच ब्यूरो द्वारा राष्ट्रव्यापी घटनाओं के वार्षिक संकलन के अनुसार, 2021 में अमेरिका में घृणा-प्रेरित अपराध में यहूदी और सिख समुदाय को सबसे अधिक निशाना बनाया गया। एफबीआई ने कहा कि 2021 में धर्म से संबंधित कुल 1,005 घृणा अपराध दर्ज किए गए। धर्म आधारित अपराधों की सबसे बड़ी श्रेणियों में यहूदी विरोधी घटनाएं 31.9 प्रतिशत और सिख विरोधी घटनाएं 21.3 प्रतिशत थीं। धर्म आधारित घृणा अपराधों में 9.5 प्रतिशत मुस्लिम विरोधी थे। कैथोलिक विरोधी घटनाओं में 6.1 प्रतिशत और पूर्वी रूढ़िवादी (रूसी, ग्रीक, अन्य) 6.5 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नहीं लेंगे सैलरी:शाहबाज शरीफ बोले- बिजली, पानी और गैस का बिल खुद भरें; ताकतवर फौज पर खामोशी

इस्लामाबाद। महज 3 अरब डॉलर के फॉरेन रिजर्व (डिपॉजिट) के साथ दिवालिया होने की कगार पर खड़े पाकिस्तान को बचाने की आखिरी कोशिश शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने रात सरकारी खर्च में जबरदस्त कटौती से जुड़े अहम ऐलान किए। कहा- मैं और कैबिनेट के बाकी मिनिस्टर्स सैलरी नहीं लेंगे। तमाम केंद्रीय मंत्री बिजली, पानी, गैस और टेलिफोन के बिल जेब से भरेंगे।

शरीफ के मुताबिक- मंत्रियों के पास मौजूद लग्जरी गाड़ियां नीलाम की जाएंगी। सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट और ब्यूरोक्रेसी से भी खर्च में कटौती की अपील की गई है।

बहरहाल, हैरानी वाली बात ये है कि मुल्क बनने के बाद से अब तक (76 साल) के दौर में करीब आधा वक्त देश चला चुकी ताकतवर फौज के बजट पर शरीफ एक लफ्ज भी नहीं बोले। वो भी तब जबकि उसके पास अरबों रुपए का बजट है।



पहले जानिए शरीफ ने क्या कहा

वजीर-ए-आजम (प्रधानमंत्री) शरीफ ने कई कैबिनेट मिनिस्टर्स के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कहा- इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड की शर्तों को पूरा करने के लिए सरकारी खर्च में बड़ी कटौती की जा रही है। यह आम-अवाम के लिए भी मैसेज है। यह खर्च में कमी के उपाय हैं। शरीफ ने कहा- सरकार के खर्च कम करके हम टैक्सपेयर्स के लाखों रुपए बचाएंगे। इसके लिए तमाम कदम उठाए जा रहे हैं और ये फैसला हमने बिना किसी दबाव के अपनी मर्जी से किया है।

दो बातें जानना जरूरी

पहली: पाकिस्तान में दो इदारों (विभाग) को सरकार से ज्यादा ताकत और तवज्जो हासिल है। ये हैं- आर्मी और ज्यूडिशियरी। शरीफ की प्रेस कॉन्फ्रेंस में ज्यूडिशियरी से तो खर्च कम करने और सादगी बरतने की अपील की गई, लेकिन फौज के बारे में एक लफ्ज भी शाहबाज के मुंह से नहीं निकला।

दूसरी: सीनियर जर्नलिस्ट हामिद मीर ने फौज का नाम लिए बिना तंज किया। कहा- किसी को तो छोड़ना ही था, इसलिए छोड़ दिया गया। जिन लोगों से डर या खतरा है, उनका नाम लेने से भी वजीर-ए-आजम ने गुरेज किया। बहरहाल, देखना सिर्फ इतना है कि शाहबाज ने जो मुहिम छेड़ी है, उसका कितना असर होता है। 13 पार्टियों की हुकूमत में कौन उनका कितना साथ देगा। ये एक हफ्ते में ही साफ हो जाएगा।

फॉरेन मिनिस्ट्री को 15त्न खर्च घटाने का टारगेट

विदेश मंत्रालय से खर्च में 15त्न की कटौती करने को कहा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ देशों में मौजूद एम्बेसीज को बंद किया जा सकता है। इसके अलावा स्टाफ कम करने और फिजूलखर्ची को सख्ती से रोकने के भी आदेश हैं।

आतंकी से शादी करने वाली को नागरिकता नहीं देगा ब्रिटेन : शमीमा 2015 में लंदन से सीरिया गई

लंदन। 2015 में आतंकी संगठन ISIS में शामिल होने गईं ब्रिटिश नागरिक शमीमा बेगम दोबारा नागरिकता हासिल करने का केस हार गईं। ब्रिटेन की एक अदालत ने कहा कि शमीमा की ब्रिटिश सिटीजनशिप छीनने का होम डिपार्टमेंट का फैसला सही था, इस पर रोक नहीं लगाई जाएगी। शमीमा 2015 में दो सहेलियों के साथ लंदन से सीरिया गई थी। वहां ISIS आतंकी से शादी की। दो बच्चे हुए। ISIS के पतन के बाद से शमीमा सीरिया के रिफ्यूजी कैंप में रह रही है। उसने कई बार ब्रिटेन सरकार से माफी मांगी, नागरिकता बहाली की मांग की। ये हर बार खारिज कर दी गई। ताजा फैसले में उनके किसी भी रूप में ब्रिटेन आने पर रोक के बारे में कुछ नहीं कहा गया है। वेस्टर्न मीडिया उन्हें ISIS ब्राइड या जिहादी दुल्हन कहता है। इसकी वजह ये है कि उन्होंने आतंकी से निकाह किया था। यह तीन फोटोज का कॉम्बो है। पहली तस्वीर- 2015 की है। तब शमीमा दो सहेलियों के साथ गेटविक एयरपोर्ट पर नजर आई थीं। दूसरी तस्वीर- 2019 की है। तब शमीमा सीरिया के एक रिफ्यूजी कैम्प में नवजात बेटे के साथ मीडिया के सामने आई थीं। तीसरी तस्वीर- 2021 की है। तब इंटरव्यू के बाद शमीमा अपने टेंट में वापस जा रही थी। यह तीन फोटोज का कॉम्बो है। पहली तस्वीर- 2015 की है। तब शमीमा दो सहेलियों के साथ गेटविक एयरपोर्ट पर नजर आई थीं। दूसरी तस्वीर- 2019 की है। तब शमीमा सीरिया के एक रिफ्यूजी कैम्प में नवजात बेटे के साथ मीडिया के सामने आई थीं। तीसरी तस्वीर- 2021 की है। तब इंटरव्यू के बाद शमीमा अपने टेंट में वापस जा रही थी।

19 फरवरी 2019 को ब्रिटेन के तब के होम मिनिस्टर साजिद जावेद ने शमीमा की नागरिकता रद्द की थी। इसके बाद दो बार शमीमा ने इसे बहाल करने के लिए ब्रिटिश कोर्ट्स में अपील दायर की। अपील के वक्त वो खुद सीरिया के रिफ्यूजी कैम्प में थीं। वकील ने कोर्ट में शमीमा की तरफ से दलील पेश की। नवंबर 2022 में दूसरी अपील पर सुनवाई लगातार पांच दिन चली। शमीमा के वकील ने कहा था- फैसला तो इस बात पर होना है कि वो ह्यूमन ट्रैफिकिंग (मानव तस्करी) का शिकार हुईं या नहीं।

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी समेत पीटीआई के कई नेता गिरफ्तार

लाहौर। इमरान खान के जेल भरो आंदोलन के आह्वान के बाद पाकिस्तान में राजनीतिक सरगर्मी एक बार फिर से तेज हो गई हैं। इसी क्रम में तहरीक ए इंसाफ पार्टी के वरिष्ठ नेता अपनी गिरफ्तारी दे रहे हैं, जिसके कारण पुलिस को अस्थायी जेल बनाने पड़ी है।

दरअसल, मौलिक अधिकारों के उल्लंघन, संविधान के दुरुपयोग और आर्थिक संकट का आरोप लगाते हुए इमरान खान ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से जेल भरने का आह्वान किया है। गिरफ्तारी के पहले दिन पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी समेत असद उमर सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने गिरफ्तारियां दीं। पार्टी ने दावा किया कि लाहौर पुलिस ने 500 से 700 तक कार्यकर्ताओं और नेताओं को हिरासत में लिया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के गिरफ्तारियां देने का आंदोलन शुरू किये जाने के बाद छह वरिष्ठ नेताओं समेत पार्टी के 60 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने पूर्व मंत्री शाह मोहम्मद कुरैशी, असद उमर, सीनेटर आजम स्वाति, वालिद इकबाल (कवि अलम्मा इकबाल के पोते) पंजाब के पूर्व गवर्नर उमर सरफराज चीमा समेत पीटीआई के 60 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने खुद को गिरफ्तारी के लिए पेश किया था। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार लोगों को जन व्यवस्था को बनाये रखने के लिए एक माह की खातिर कोट लखपत जेल में ले जाया गया। पीटीआई उपाध्यक्ष फवाद चौधरी ने कहा कि बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता गिरफ्तारी के लिए सामने आये। उन्होंने कहा कि करीब 500-700 कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी। चौधरी ने दावा किया कि पुलिस गाड़ियों के साथ तैयार होकर पहुंची थी लेकिन 'हजारों की तादाद देखकर वह घबरा गयी और विचार करने लगी कि उसे क्या करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुधवार का प्रदर्शन लाहौर तक सीमित था और अब गुरुवार को पेशावर में पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता गिरफ्तारी देंगे। कुरैशी ने कहा कि यह गर्व की बात है कि वादे के मुताबिक गिरफ्तारी के लिए खुद को पेश करने वाले वह पहले व्यक्ति थे।

नेपाल के राष्ट्रपति पद के दावेदारों में पूर्व प्रधानमंत्री माधव नेपाल भी शामिल

काठमांडू। नेपाल में राष्ट्रपति पद के दावेदारों में पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल भी शामिल हो गए हैं। वह प्रमुख दलों के साझा उम्मीदवार बनने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने अपनी पार्टी सीपीएन (यूएस) के प्रमुख नेताओं से सलाह-मशविरा करने के बाद अपनी दावेदारी पेश करते हुए कई प्रमुख दलों के नेताओं से बातचीत की। पूर्व प्रधानमंत्री नेपाल ने बुधवार शाम नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के साथ बैठक की। माधव नेपाल के करीबी सूत्रों ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री नेपाल ने देउबा के साथ बैठक में राष्ट्रपति पद के लिए समर्थन मांगा। इससे पहले उन्होंने नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामचंद्र पौडेल से मुलाकात की। पौडेल भी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। माधव नेपाल ने दोपहर अपने आवास पर चीनी राजदूत चेन सेंग के साथ भी बैठक की। सेंग ने बुधवार सुबह प्रधानमंत्री प्रचंड से मुलाकात की थी। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि दोनों बैठकों में राजदूत सेंग ने कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार को राष्ट्रपति पद के लिए साझा उम्मीदवार बनाने पर जोर दिया। इससे पहले सोमवार शाम को माधव नेपाल और सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के बीच करीब चार घंटे तक बैठक हुई। पार्टी के उप महासचिव डॉ. गंगालाल तुलाधर के मुताबिक इस बैठक में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर चर्चा हुई। ओली ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर माधव नेपाल के अलावा अपनी ही पार्टी के उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र नेमवांग के नाम का प्रस्ताव प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (एमसी) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड के समक्ष रखा। समझा जाता है कि प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से सहमत होने की जरूरत पर जोर दिया। नेपाल में राष्ट्रपति चुनाव जितना करीब आ रहा है, इस पद के लिए नए-नए नाम सामने आ रहे हैं।

इससे सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए एक साझा उम्मीदवार खड़ा करना मुश्किल हो गया है। इस वजह से सत्तारूढ़ गठबंधन टूटने और राजनीतिक उथल-पुथल मचने के कयास लगाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नेपाल में राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन 25 फरवरी को होगा। इस पद पर आम सहमति नहीं बनने की स्थिति में 09 मार्च को मतदान होगा।

नेपाल में चीन की सक्रियता बढ़ी, चीनी राजदूत ने प्रचंड से की मुलाकात

काठमांडू। इन दिनों नेपाल में चीन की सक्रियता कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। चीनी राजदूत चेन सेंग ने सुबह प्रधानमंत्री आवास बालुवाटार जाकर प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' से मुलाकात की। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार चीनी राजदूत चेन राष्ट्रपति चुनाव में रुचि रख रहे हैं। चीन के एक विश्वविद्यालय से विद्यावारिधि हासिल करके लौटे डॉ. रूपक सापकोटा को प्रधानमंत्री प्रचंड ने अपना सलाहकार बनाया है। सलाहकार में रूपक सापकोटा की नियुक्ति के एक दिन बाद राजदूत चेन प्रचंड से मिलने गए। सपकोटा पूर्व प्रतिनिधिसभा अध्यक्ष अग्नि प्रसाद सापकोटा के बेटे हैं। वह सिंधुपालचौक जिले से ताल्लुक रखते हैं, जिसकी सीमा चीन के नजदीक है। चेन नेपाल में चीन के नए राजदूत हैं। नेपाल आने के बाद से वह सबसे ज्यादा सक्रिय रहे हैं। विदेश मामलों के विशेषज्ञ शिव प्रसाद तिवारी ने राजदूत चेन की खुली सक्रियता का विश्लेषण किया है। उन्होंने कहा कि चीन अपनी ताकत दिखा रहा है। इससे पहले राजदूत चेन ने सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली से उनके आवास पर मुलाकात की।

ताजिकिस्तान-चीन में भूकंप के झटके:रिक्टर स्केल पर 6.8 तीव्रता, अफगान-चीन बॉर्डर के करीब केंद्र

ताजिकिस्तान। ताजिकिस्तान में 6.8 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। लोकल समय के मुताबिक, सुबह 5:37 पर भूकंप आया। इसका केंद्र अफगान-चीन बॉर्डर पर गोर्नो-बदख्शां प्रांत में था। स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, ये जमीन से 20.5 किमी नीचे था। इस झटके के करीब 20 मिनट बाद 5.0 तीव्रता का

15 फरवरी को हुआ था हिमस्खलन

ताजिकिस्तान का ये क्षेत्र भूकंप प्रोन एरिया में आता है। इससे पहले, 15 फरवरी को गोर्नो-बदख्शां में ही हिमस्खलन में 20 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि उसी दिन राजधानी दुशांबे के पास एक हाईवे पर हिमस्खलन में 1 व्यक्ति की मौत हुई थी। तुर्किये और सीरिया में 6 फरवरी को आए भूकंप ने भयंकर तबाही मचाई है। इसमें 47 हजार से ज्यादा लोगों की जान गई है। इलाके में अब तक 7 हजार से भी ज्यादा आफ्टर शॉक्स महसूस किए गए हैं। सोमवार देर रात 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें 8 लोगों की मौत हुई और 300 लोग घायल हुए। पुराने भूकंप से कमजोर हुई दर्जनों इमारतें धराशायी हो गईं।

तुर्किये और सीरिया में सोमवार देर रात एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.4 रही। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं करीब 300 घायल हो गए। इसका केंद्र हताय प्रांत का अंताक्या शहर है। भूकंप की गहराई 2 किलोमीटर तक रही। इसके बाद आए आफ्टर शॉक्स की तीव्रता 3.4 से 5.8 रही।

अमेरिका के साथ हथियार संधि को निलंबित करना रूस की सबसे बड़ी भूल : बाइडन

वारसॉ। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका एवं रूस के बीच परमाणु हथियारों के नियंत्रण संधि के आखिरी बचे हिस्से से अपने देश की भागीदारी निलंबित करके बड़ी गलती की है। अमेरिकी राष्ट्रपति उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के पूर्वी हिस्से के सहयोगियों को आश्वस्त करने के लिए पोलैंड पहुंचे थे। उन्होंने इन सहयोगी देशों को आश्वस्त किया कि यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बावजूद अमेरिका उन सभी देशों के पक्ष में खड़ा रहेगा। संधि से पीछे हटने की पुतिन की घोषणा के बाद अपनी पहली टिप्पणियों में बाइडन ने रूस के इस फैसले की निंदा की। संधि को नई शुरुआत की संज्ञा दी गई थी। परमाणु अस्त्र और मिसाइल निरीक्षण के रूसी सहयोग को निलंबित करने का निर्णय पिछले साल के अंत में मॉस्को ने रद्द की गई वार्ता का अनुसरण करता है। बाइडन की यह टिप्पणी उस वक्त आई जब वह पोलैंड और यूक्रेन की अपनी चार-दिवसीय यात्रा को समेटने के क्रम में बुखारेस्ट नाइन के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे थे। नाटो गठबंधन के सबसे पूर्वी हिस्से के नौ देशों को बुखारेस्ट नाइन कहा जाता है। जैसे-जैसे यूक्रेन में युद्ध बढ़ता जा रहा है, बुखारेस्ट नाइन देशों की चिंताएं बढ़ गई हैं। कई लोगों को चिंता है कि यूक्रेन में सफल होने के बाद पुतिन उन देशों के खिलाफ भी सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं। इन नौ देशों में चेक गणरज्य, एस्टोनिया, हंगरी, लातविया, लिथुआनिया, पोलैंड, रोमानिया और स्लोवाकिया शामिल हैं। इससे पहले बाइडन ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का एक साल पूरा होने के अवसर पर मंगलवार को वारसॉ रॉयल कैसल में अपने संबोधन में कहा, जब रूस ने आक्रमण किया, तो यह केवल यूक्रेन के लिए परीक्षा नहीं थी। सारी दुनिया ने युगों-युगों तक किसी न किसी परीक्षा का सामना किया है। यूरोप की परीक्षा हुई। अमेरिका की परीक्षा हुई। नाटो की परीक्षा हुई। सभी लोकतांत्रिक देशों की परीक्षा हुई। नाटो सदस्यों की इन चिंताओं का समाधान करते हुए कि अगली बारी उनकी हो सकती है बाइडन ने मंगलवार को आपसी रक्षा संधि और यूक्रेन की रक्षा के लिए अमेरिका की दृढ़ प्रतिबद्धता का संकल्प लिया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन से मिलीं सीतारमण, कई मुद्दों पर हुई बात

नई दिल्ली/बेंगलुरु। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बेंगलुरु में 24 फरवरी से होने वाली जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की पहली बैठक से पहले अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने 2023 में भारत की अध्यक्षता में जी-20 फाइनेंस ट्रैक प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया।

वित्त मंत्री कार्यालय ने गुरुवार को ट्विट कर बताया कि सीतारमण ने जेनेट येलेन के साथ हुई बैठक में जस्ट एनर्जी ट्रांजिशन पार्टनरशिप और दोनों पक्षों के लिए संभावित टेकअवे के अलावा बहुपक्षीय विकास बैंकों, वैश्विक ऋण कमजोरियों, क्रिप्टो संपत्ति और स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने पर बातचीत की। सीतारमण और येलन ने बातचीत के दौरान सहमति व्यक्त की कि कोरोना महामारी से सीखे सबक को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। सीतारमण रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास के साथ यहां आयोजित दो दिवसीय एफएमसीबीजी की पहली बैठक की अध्यक्षता करेंगी। ये बैठक शुक्रवार शुरू होकर शनिवार (25 फरवरी) तक चलेगी। इससे एक दिन पहले वित्त मंत्रालय ने बताया था कि 24 फरवरी से शुरू होने वाली दो दिवसीय एफएमसीबीजी बैठक में वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय कराधान, वित्तीय क्षेत्र, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचा, स्थायी वित्त, बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य और वित्तीय समावेश जैसे कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।